हरिभूमि रायपुर भूमि



# मां जगदम्बा को विदा करने चला रातभर कारवां, दो दिन में 1200 दिव्य प्रतिमाएं विसर्जित

- महादेवघाट के समीप विसर्जन कुंड स्थल पर दिनभर रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में जयकारों के साथ मां दुर्गा के भक्त माता को विदाई देने बाजे-गाजे के साथ शहर की सड़कों पर झूमते-गाते नजर आए। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुंड स्थल पर रौनक देखी गई। देर शाम तक यह सिलसिला चलता रहा। 2 दिन में 1200 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा व उल्लास के साथ विसर्जन कुंड में सम्मानपूर्वक किया गया। नगर निगम ने विसर्जन कुंड स्थल पर 7 क्रेन की व्यवस्था की है। इसमें से 2 क्रेन केवल स्ट्रक्चर हटाने के कार्य में लगाई गई हैं, जबकि 5 क्रेन का उपयोग मूर्तियों के विसर्जन के लिए किया जा रहा है। तीन पाली में 90 गोताखोर तैनात किए गए हैं। नौ दिनों तक आदिशक्ति मां जगदम्बा ▶▶|शेष पेज 11 पर

### निगम, पुलिस और स्वास्थ्य अमला तैनात

नगर निगम के अपर आयुक्त विनोद पांडे के मुताबिक दो दिन में रविवार की देर शाम तक करीबन 1200 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन महादेवघाट स्थित विसर्जन कुंड में सम्मानपूर्वक किया गया। सोमवार को भी यह सिलसिला जारी रहेगा। नगर निगम के अलावा विसर्जन स्थल पर पुलिस प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, होमगार्ड के जवान और अग्निशमन सेवा विभाग के कर्मचारी, अधिकारी व्यवस्था बनाने में सहयोग कर रहे हैं।

भक्तिमय माहौल माता सेवा के जसगीतों की गूंज

निगम ने 7 क्रेन और तीन पालियों में लगाए 90 गोताखोर







### तीन पालियों में विसर्जन, 90 गोताखोरों की व्यवस्था

दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को सुगम बनाने निगम प्रशासन ने 3 पालियों में 90 गोताखोरों को तैनात किया है। प्रत्येक पाली में 30 गोताखोर स्थल पर दुर्गा समितियों द्वारा विसर्जन के लिए लाई जा रही मां दुर्गा की प्रतिमा के विसर्जन के लिए लगाए गए हैं। स्थल की सफाई व्यवस्था के लिए जोन-8 के माध्यम से सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाया गया है। साथ ही पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने टैंकर जल विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### बाइक से गिरकर घायल युवक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** बाइक के पीछे बैठे युवक की सड़क हादसे में मौत के मामले में पुलिस ने वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 24 सितंबर की रात 9 बजे की है। आरोपी मोटरसाइकिल चालक शिवकुमार यादव अपने साथी सागर तिवारी को वाहन में बिठाकर ले जा रहा था। इस दौरान शिवकुमार वाहन को तेज व लापरवाही से चला रहा था, जिसे वह वाहन से नियंत्रण खो बैठा और सीधे डिवाइडर से जा टकराया। इस हादसे में वाहन सवार सागर को गंभीर चोटें आई थीं, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में चालक के खिलाफ धारा 106 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बिना कारण युवक को दो बदमाशों ने पीटा

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मारपीट के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी रामप्रसाद पाव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 अक्टूबर की देर रात को वह पैदल अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान तेलघानी नाका ओवरब्रिज के पास अज्ञात दो युवकों ने बिना कारण से रामप्रसाद को रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने किसी चीज से उस पर हमला भी किया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 351-2, 115-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पैदल जा रहे युवक को कार ने ठोका, घायल

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक कार चालक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी हितेश बारले ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 अक्टूबर को रात करीब 7.30 बजे गांधी चौक के पास उसके मामा का लड़का धीरज खेलवार पैदल जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात कार के चालक ने वाहन लापरवाही से चलाते हुए उसे ठोकर मार दी और फरार हो गया। इससे उसे चोट आई है।

### गाली-गलौज से मना करने पर की मारपीट

**रायपुर।** मोवा पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 12 अक्टूबर की दोपहर करीब 2 बजे मोवा ओवरब्रिज के पास की है। प्रार्थी मो. तहरूक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी अरमान खान किसी दूसरे के साथ झगड़ा कर गाली-गलौज कर रहा था। प्रार्थी ने जब उसे गाली-गलौज करने से मना किया तो इस बात पर उसने उसके साथ विवाद करते हुए मारपीट कर दी। इस मारपीट के दौरान अरमान ने किसी चीज से उस पर वार भी किया, जिससे उसे चोट आई है।

11.50 करोड़ की लागत से हाईटेक तहसील दफ्तर का होगा निर्माण

# चार मंजिला नई बिल्डिंग का रास्ता साफ, अभी पुराने नर्सेस हॉस्टल में शिफ्ट होगी तहसील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

रायपुर तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य आगामी नवंबर माह से शुरू होने की संभावना है। इससे पहले तहसील कार्यालय अस्थाई तौर पर शिफ्ट किया जाना है, ताकि तहसील से संबंधित कामकाज निरंतर चलता रहे। हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की थी कि तहसील कार्यालय को पुराने नर्सेस हॉस्टल की बिल्डिंग में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए प्रशासन द्वारा शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया था। इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई है। साथ ही तहसील कार्यालय को पुराने नर्सेस हॉस्टल की बिल्डिंग में शिफ्ट करने की तैयारी भी शुरू हो चुकी है।

### ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग चार फ्लोर में दफ्तर

तहसील की हाईटेक बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग की सुविधा दी जाएगी। 60 हजार वर्गफीट में बनने वाली तहसील की बिल्डिंग का हर फ्लोर 12-12 हजार स्क्वेयर फीट का होगा। इन फ्लोर पर तहसीलदारों एवं एसडीएम कोर्ट से लेकर अन्य दफ्तरों के अलग-अलग कमरे होंगे। बिल्डिंग में रिकार्ड रूम भी होगा, जो हाईटेक होगा।

### चार मंजिला हाईटेक बिल्डिंग

तहसील कार्यालय की हाईटेक नई बिल्डिंग 11.50 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएगी। इस बिल्डिंग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। बिल्डिंग की ड्राइंग-डिजाइनिंग से लेकर टेंडर तक का काम पहले ही पूर्ण हो चुका है। विभाग को अब सिर्फ पुराने भवन के टूटने का इंतजार है। यह इंतजार भी अब लगभग खत्म हो गया है, क्योंकि तहसील कार्यालय अस्थाई रूप से शिफ्ट करने के लिए जगह फाइनल कर ली गई है। तहसील कार्यालय की नई बिल्डिंग बनने तक अस्थाई रूप से कार्यालय पुराने नर्सेस हॉस्टल की बिल्डिंग में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए प्रशासन से मंजूरी मिल चुकी है। इस मंजूरी के बाद प्रशासन ने खाली पड़ी बिल्डिंग में रंगरोगन से लेकर अन्य काम भी शुरू करा दिए हैं। बिल्डिंग में तहसील न्यायालय के लिए कोर्ट बनाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ग्राउंड फ्लोर पर तहसीलदारों के कोर्ट और फर्स्ट फ्लोर पर एसडीएम कोर्ट होगी। इसके अलावा कानूनगो, नकल शाखा सहित अन्य तहसील संबंधी दफ्तर भी ऊपर के फ्लोर पर रहेंगे।



### सागौन बंगला किसी और को आवंटित, एसएसपी भवन की शिफ्टिंग अटकी

कलेक्टोरेट में पांचमंजिला हाईटेक नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण किया जाना है, लेकिन एसएसपी भवन की शिफ्टिंग नहीं होने के कारण यह काम पिछले डेढ़ साल से अटका हुआ है। प्रशासन की ओर से सागौन बंगले को अस्थाई रूप से एसएसपी कार्यालय के लिए मांगा गया था। इसके लिए शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया था। सूत्रों के अनुसार, सागौन बंगला सी-मार्ट बनाने के लिए आवंटित किया गया है, लेकिन अधिकारियों द्वारा अधिकृत रूप से इसकी पुष्टि नहीं की जा रही है। यह बंगला आवंटित होने के कारण अब एसएसपी भवन शिफ्ट करने के लिए दूसरे भवन की तलाश की जा रही है। एसएसपी कार्यालय की शिफ्टिंग अटकने के कारण कलेक्टोरेट की नई कम्पोजिट बिल्डिंग का निर्माण का काम भी अटक गया है।

### सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा भवन

तहसील की नई बिल्डिंग सीसीटीवी कैमरे से लैस होगी। सुरक्षा की दृष्टि से बिल्डिंग की पार्किंग से लेकर सभी फ्लोर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस तरह पूरी बिल्डिंग कैमरों की निगरानी में रहेगी। बिल्डिंग में इंटरनेट के लिए वाई-फाई की सुविधा भी रहेगी। इसके अलावा आम लोगों के बैठने के लिए हॉल भी होगा, जिससे पेशी में वकीलों के साथ आने वाले पक्षकारों को बैठने की सुविधा मिलेगी।

### दीपावली के बाद शिफ्टिंग

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, तहसील कार्यालय को शिफ्ट करने के लिए पुराने नर्सेस हॉस्टल की बिल्डिंग में काम शुरू हो चुका है। यह काम संभवत: अगले साल दीपावली तक खत्म हो सकता है। शिफ्टिंग का काम भी संभवत: त्योहार के बाद ही होगा।

**- नंदकुमार चौबे,** एसडीएम, रायपुर

### सागौन बंगला नहीं मिला दूसरा भवन देख रहे

एसएसपी कार्यालय को अस्थाई रूप से शिफ्ट करने के लिए सागौन बंगला मांगा गया था। इस प्रस्ताव को अनुमति नहीं मिली है। एसएसपी कार्यालय के लिए अब नए भवन की तलाश की जा रही है।

**- देवेंद्र पटेल,** एडीएम, रायपुर

# पंप बंद, थोड़ी ठंडक भी, इसलिए घटने लगी बिजली की खपत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। मानसून विदाई के रास्ते पर है। ऐसे में बारिश का क्रम अब लगभग थम-सा गया है। उमस बढ़ गई है और दिन का पारा भी चढ़ने लगा है, लेकिन रात का तापमान कम होने के कारण अब मौसम में कुछ ठंडक होने से बिजली की खपत में कमी आने लगी है। इसी के साथ कृषि पंपों का चलना भी बंद हो गया है। बारिश थमने के बाद कुछ दिनों पहले खपत छह हजार मेगावाट के करीब पहुंच गई थी, लेकिन अब खपत पांच हजार मेगावाट के आसपास हो रही है। इस समय छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी के एक संयंत्र के खराब होने के कारण अपना उत्पादन भी कम हो रहा है। अपना उत्पादन इस समय 22 सौ मेगावाट के आसपास ही है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेकर आपूर्ति की जा रही है।



- खपत अब पांच हजार मेगावाट के आसपास

मानसून में लगातार बारिश से मौसम ठंडा होने के कारण प्रदेशभर में एसी और कूलरों का चलना बंद तो नहीं हुआ था, लेकिन 90 फीसदी तक कूलर-एसी नहीं चल रहे थे। इसकी वजह से खपत ▶▶|शेष पेज 11 पर

### अपना उत्पादन 22 सौ मेगावाट

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी की उत्पादन क्षमता 2980 मेगावाट है, लेकिन इस समय उत्पादन महज 22 सौ मेगावाट हो रहा है। इसके पीछे का कारण यह है कि इस समय कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट की इकाई बंद है। इसी के साथ उत्पादन यूनिटों की जितनी क्षमता है, उत्पादन उससे कम हो रहा है। इसकी वजह से भी उत्पादन कम है। इस समय बिजली की खपत 51 मेगावाट के पार जाने के कारण इसकी पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से तीन हजार मेगावाट बिजली ली जा रही है। सेंट्रल सेक्टर से साढ़े तीन हजार मेगावाट तक बिजली ले सकते हैं।


# गैंगस्टर अमन साहू को झारखंड से लेकर आई पुलिस आज कोर्ट में करेंगे पेश



वसूली गैंग का दुस्साहस...
कारोबारी पर दिनदहाड़े फायरिंग, शूटरों ने खौफ पैदा करने चलाईं गोलियां, थर्राया रायपुर शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेलीबांधा में कारोबारी पर फायरिंग कराने के मामले में झारखंड की जेल में बंद गैंगस्टर अमन साहू को आखिरकार पुलिस राजधानी रायपुर लाने में कामयाब रही। सूत्रों के अनुसार गैंगस्टर अमन को पुलिस प्रोडक्शन रिमांड पर रायपुर लाने के लिए पिछले कई महीनों से लगी हुई थी। आखिरकार पुलिस को इसमें कामयाबी मिली। गैंगस्टर को झारखंड और रायपुर पुलिस के 40 सशस्त्र अधिकारी एवं कर्मियों की कड़ी निगरानी में रायपुर लाया गया है। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर को सोमवार को रायपुर की कोर्ट में पेश कर स्थानीय पुलिस पूछताछ के लिए उसे रिमांड पर ले सकती है। ▶▶|शेष पेज 11 पर



- तेलीबांधा क्षेत्र में कारोबारी पर फायरिंग का मामला

### कड़ी निगरानी के बीच कोर्ट में करेंगे पेश

सूत्रों की मानें तो अमन साहू को रायपुर के गंज थाने में कड़ी निगरानी में रखा गया है। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस दौरान थाने से कोर्ट तक उसे सशस्त्र पुलिसकर्मियों के घेरे में ले जाया जाएगा। पुलिस अमन को रिमांड पर लेने की तैयारी में है। पुलिस अनुमान लगा रही है कि तेलीबांधा फायरिंग के अलावा पूछताछ में और कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। गौरतलब है कि जुलाई माह में दो नकाबपोश शूटरों ने सुबह करीब 10.51 बजे शहर के राजेंद्रनगर से तेलीबांधा जाने वाले रिंगरोड के बगल वाली सर्विस रोड पर रेकी करते हुए पीआरए बारब्रिक प्रोजेक्ट लिमिटेड कंपनी के मालिक प्रहलाद अग्रवाल के दफ्तर के बाहर उसकी खड़ी कार पर फायरिंग की और फरार हो गए थे। यह फायरिंग सिर्फ कारोबारी को डराने के उद्देश्य से की गई थी, क्योंकि उस समय कार पार्किंग में खड़ी थी, जिसमें कोई सवार नहीं था।

### डीएसपी स्तर के पुलिस अधिकारी भी टीम में शामिल

गैंगस्टर को रायपुर लाने के लिए रायपुर और झारखंड की पुलिस टीम में डीएसपी स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। सभी अधिकारी एवं पुलिसकर्मी हथियार से लैस हैं। बताया जा रहा है कि गैंगस्टर को रायपुर लाने तक पुलिस रास्तेभर अलर्ट थी। पुलिस को अंदेशा था कि गैंगस्टर को छुड़ाने के लिए रास्ते में उन पर हमला भी हो सकता है। इस हमले की संभावना को देखते हुए ही गैंगस्टर को 40 सशस्त्र पुलिसकर्मियों की निगरानी में रायपुर लाया गया है।

# दो इंटेकवेल से जुड़ेंगी 15 पानी टंकियां, काम जारी, इसलिए बिरगांव में आज पानी आपूर्ति ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव निगम ने 15 टंकियों को भरने के लिए 14 एवं 17 एमएलडी क्षमता के दो इंटेकवेल तैयार किए हैं। दोनों इंटेकवेल से अब 15 टंकियों को कनेक्ट किया जा रहा है। ऐसा करने से किसी एक इंटेकवेल में तकनीकी खराबी आने के बाद भी पानी के लिए लोगों को नहीं तरसना पड़ेगा। इसके लिए जलप्रदाय विभाग सभी टंकियों की मेनलाइन को दोनों इंटेकवेल से कनेक्ट करेगा। इस वजह से रविवार की शाम से जल आपूर्ति बंद की गई है।

- बिरगांव निगम बना रहा इंटेकवेल से सुविधा देने का विकल्प

निगम ने मठपारा पानी टंकी को नए फिल्टर प्लांट और व्यास तालाब चौक के पास मेनलाइन को जोड़ने का काम शुरू कर दिया है। इससे 14 अक्टूबर को सुबह व शाम को निगम क्षेत्र की सभी टंकियों से दिनभर पानी सप्लाई ठप रहेगी। जलप्रदाय विभाग के अध्यक्ष इकराम अहमद ने बताया कि नई व्यवस्था इसलिए बनाई जा रही है, क्योंकि एक इंटेकवेल में खराबी आने से आधे क्षेत्र में ही पानी आपूर्ति हो पाती थी। अब वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दोनों इंटेकवेल से 15 टंकियों की मेनलाइन को कनेक्ट किया जाएगा। इससे किसी इंटेकवेल में खराबी आने पर भी विकल्प के रूप में दूसरे इंटेकवेल से टंकियों को भरने के बाद पानी आपूर्ति दी जाएगी।





### मंगलवार सुबह आपूर्ति

जलप्रदाय विभाग के मुख्य अभियंता डीएल देवांगन इसका काम देख रहे हैं।इस काम को सोमवार की रात तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद मंगलवार की सुबह से नियमित घरेलू कनेक्शन धारकों को आपूर्ति दी जाएगी।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी, खातों से 3 करोड़ का लेनदेन, मिले सिर्फ चार लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पुलिस ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में आरोपी शत्रुहन वर्मा को गिरफ्तार किया गया है, वहीं उसके अन्य साथी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। यह गिरोह शेयर मार्केट ट्रेडिंग में दोगुना मुनाफा दिलाने के झांसे में लेकर लोगों से अलग-अलग बैंक खातों में रुपए जमा कराकर ठगी करता था। मंदिर हसौद थाने में इस मामले में शिकायत होने के बाद पुलिस ने गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

- एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य फरार, पुलिस कर रही तलाश

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्राम मुनगी मंदिर हसौद निवासी कुबेर वर्मा ने थाने में शिकायत की थी कि उसके साथ 7 लाख रुपए की ठगी हुई है। भुनेश्वर साहू शेयर मार्केट ट्रेडिंग करता है, उसके साथ कुबेर का परिचय हुआ था। भुनेश्वर ने उसे बताया कि शेयर ट्रेडिंग से वह बहुत पैसे कमा रहा है। उसने कुबेर को भरोसा दिलाया कि अगर वह भी पैसे लगाएगा तो उसे दोगुना मुनाफा दिलाएगा। इसके बाद कुबेर भुनेश्वर की बातों में आकर पैसे लगाने के लिए तैयार हो गया। भुनेश्वर ने इसके बाद कुबेर से अपने साथी शत्रुहन वर्मा सहित अन्य साथियों के बैंक खातों में अलग-अलग किस्तों में करीब 7 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। इस दौरान कई दिन बीतने के बाद जब कुबेर ने भुनेश्वर से संपर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद बताने लगा। जिस घर में वह रहता था, वहां से भी गायब मिला। इसके बाद कुबेर ने इसकी शिकायत थाने में दी। इस शिकायत पर पुलिस ने जब जांच शुरू की तो पता चला कि यह किसी गिरोह का काम है, जो शेयर ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर ठगी करता है। इस गिरोह में भुनेश्वर, शत्रुहन के अलावा कई और लोग शामिल हैं। पुलिस ने इस मामले की जांच करते हुए शत्रुहन वर्मा निवासी आदर्श नगर मोवा को गिरफ्तार किया है। उसके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है।



### बैंक खाते में 3 करोड़ से अधिक

पुलिस इस मामले में आरोपियों के बैंक खातों की भी जांच कर रही है। भुनेश्वर के बैंक खाते की भी जांच की गई। इस दौरान खाते में 3 करोड़ से ज्यादा का ट्रांजेक्शन होना पाया गया है। पुलिस ने इस खाते में जमा 4 लाख रुपए फ्रीज करा दिए। इसी प्रकार शत्रुहन के कब्जे से एक मोबाइल जब्त किया गया है। इस मोबाइल से कॉल डिटेल एवं वाट्स एप ग्रुप के मैसेज भी चेक किए जा रहे हैं। पुलिस को अंदेशा है कि गिरोह ने बड़ी संख्या में लोगों से करोड़ों की ठगी की है।

# सरगुजा के रास्ते दस्तक देगी ठंड, राजधानी में फिलहाल इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अगले दो दिन में प्रदेश से मानसून की पूरी तरह विदाई होने का अनुमान है। इसके बाद तापमान में गिरावट आने से ठंड का अहसास होगा। प्रदेश में ठंड की दस्तक सरगुजा के रास्ते होगी, जहां अभी रात का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री अधिक है। शहरवासियों को ठंड महसूस करने के लिए कुछ समय और इंतजार करना होगा। अभी यहां दिन के साथ रात में भी उमस से लोग परेशान हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, मानसून की विदाई पेंड्रा के दो दिन बाद रायपुर तक कर दी गई है और अगले दो दिन में इसे बस्तर से भी विदा करा दिया जाएगा। अभी बस्तर में एक-दो स्थानों में वर्षा हो रही है, जिसे स्थानीय प्रभाव माना जा रहा है। बारिश की गतिविधि थमने और उत्तर की हवा का प्रदेश में प्रवेश होने के बाद तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। माना जा रहा है कि सबसे पहले सरगुजा इलाके में रात के वक्त यह ▶▶|शेष पेज 11 पर

### दिन के साथ रात में भी उमस ने बढ़ाई परेशानी

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

# चकल्लस

## रावण का मुंह किधर ...



दशहरे पर रावण के कद और उसके मुंह की दिशा पर इस बार शहर में किसी ने कमेंट नहीं किया। नेताजी को अपोजिशन वालों ने इसलिए रिस्पांस नहीं दिया कि उनकी पार्टी की सरकार नहीं रही। सो नेताजी भन्नाए हुए कहते फिर रहे, अब तो त्योहार भी हाईजैक हो गया है। रावण का मुंह किस दिशा में होना चाहिए, ये तक पता नहीं। आर्गेनाइजिंग कमेटी बनाने का चलन रहा, उसे भी खत्म कर दिया। जब कमेटी ही नही बनी तो प्रोग्राम कैसे होगा? हमेशा नाराज रहने वाले नेताजी ने कहा, अगली बार प्रोग्राम में एंट्री मिल जाए, वही बहुत, नहीं तो बाहर से कर देंगे टाटा-बॉय बॉय।

## समस्या की जड़



देश और दुनिया में जितनी भी बड़ी समस्याएं, उलझनें और फसाद हैं उसकी सबसे बड़ी वजह है सियासत यानी राजनीति। राजनीति का ऊसूल है कि पहले समस्या क्रिएट करो, फिर उसे दूर करने का प्रयास करो और फिर क्रेडिट लेकर महान बन जाओ। अब रायपुर की साइंस कालेज की चौपाटी को ही लीजिए। एक नेता ने जबर्दस्ती बनवाया, करोड़ों खर्च हुए। दूसरे नेता ने विरोध किया। जिसने चौपाटी बनवाई तब उसकी सरकार थी, बन गई। अब जिसने विरोध किया अब उसकी सरकार है, सो हटाने पर आमादा हैं। बाकी पब्लिक का कहना है इतनी भी बुरी नहीं है चौपाटी। साफ सुधरी है। सड़क पर जाम भी नहीं है। और तो और...मरीन ड्राइव की तुलना में क्राइम भी नहीं के बराबर है। लेकिन सियासत का क्या करें...।

## अंतर्राज्यीय आरोपी



छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार के कार्यकाल में छोटे-बड़े मलाईदार पदों और कमाई वाली कुर्सियों पर काबिज रहने वाले कई अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में फंसे और फसंते ही चले गए। हालत ये है कि कई अधिकारियों को जेल गए साल-दर साल बीत रहे हैं। कई अफसरों के खिलाफ इतने मामले हो गए हैं कि एक-एक में जमानत कराने में पसीना छूट रहा है। इतना सब होने के साथ और जो कुछ हुआ है, वह भी कम नहीं है। कई अफसर ऐसे हैं, जिनके खिलाफ केवल छत्तीसगढ़ में ही मामले-मुकदमे नहीं चल रहे, बल्कि कई राज्यों में भी केस दर्ज हुए हैं। राज्य के ऐसे कई अफसर अंतर्राज्यीय आरोपी बन गए हैं।

## नहीं जाएंगे कॉलेज छोड़कर



चिकित्सा शिक्षा विभाग की तबादला सूची में नाम शामिल होने की वजह से कुछ सीनियर डॉक्टर काफी नाराज हैं। सालों से एक ही जगह काम करने से जमा-जमाया कारोबार प्रभावित होने की आशंका के चलते वे कॉलेज छोड़कर नहीं जाने का मूड बना चुके हैं। इनमें रायपुर मेडिकल कॉलेज से जुड़े कई चिकित्सकों के नाम शामिल हैं। पिछले दिनों एक सीनियर डॉक्टर ने विभागीय बैठक लेकर तबादला रुकवाने रणनीति भी तैयार की है। उनके द्वारा मातहतों पर दबाव डाला जा रहा है कि ट्रांसफर कैंसिल करने उनके समर्थन हस्ताक्षर वाला पत्र विभागीय स्तर पर प्रेषित किया जाए।

## बिना विदेश गए एनआरआई



फिर हेराफेरी फिल्म का एक डायलॉग है-भाई पैसा हो तो क्या कुछ नहीं हो सकता। वैसा ही कुछ एमबीबीएस की काउंसलिंग में हो गया है। अब देखिए, सामान्य छात्र अगर नीट में 450 स्कोर भी किया है तो उसे कहीं एडमिशन नहीं मिलेगा। मतलब पेमेंट सीट पर भी नहीं। लेकिन अगर जेब में माल है तो...। तो फिर दूर के रिश्तेदार का सर्टिफिकेट लगाकर एनआरआई बन जाओ और फिर 137 पर भी एडमिशन पक्का। सर्टिफिकेट भी कैसा...खबरी बता रहा था कि कुछ ऐसे भी हैं जो विदेश कभी गए ही नहीं और एनआरआई बन गए हैं। क्योंकि उनके सरनेम वाला कोई दूररररर का रिश्तेदार विदेश में रहता है। बस एक-डेढ़ लाख रिश्वत देकर सर्टिफिकेट बन जाता है। अगर जांच हो जाए तो आधे भूमिगत हो जाएंगे।

## एनआरआई की विदेशी मुद्रा



खबरी बता रहा था कि एनआरआई कोटा है वह इसलिए बनाया गया था ताकि विदेशी मुद्रा देश में आए। संभव है जब भारत विदेशी मुद्रा भंडार की कमी से जूझ रहा हो तब यह महान आइडिया किसी के दिमाग में आया हो। उनके लिए अलग आरक्षण कर दिया। लेकिन अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकार्ड ऊंचाई पर है। अब क्या जरूरत? दूसरी बात...एनआरआई के नाम पर आधे लोग विदेश से पैसा भेजते ही नहीं। यहीं की ब्लेक मनी यही ट्रांसफर कराके काम चलाया जाता है। इसलिए प्राइवेट कालेज में जिस सीट के लिए सामान्य छात्र चालीस लाख के आसपास खर्च करता है उसी सीट के लिए एनआरआई से एक करोड़ तक लिए जाते हैं, इसकी वजह से भ्रष्ट तंत्र इसे खत्म नहीं होने देता।

## हो गई तेरे बल्ले-बल्ले

हाय... दिन फिरना किसे कहते हैं, ये कोई रविवि के बड़े साहब से पूछ ले। साहब को इन दिनों भिलाई के विवि का भी प्रभार दे दिया गया है। जिस चीज के लिए विश्वविद्यालय बना है, उस विद्या से साहब का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। फिर भी साहब खुश हैं। जो हालात वहां बन रहे हैं, नए कुलपति की नियुक्ति की संभावना कुछ माह तक नहीं है। इतना वक्त तो पर्याप्त होता है मलाई-मक्खन जमाने के लिए। अब नए कुलपति जल्द नियुक्त ना किए जाने की वजह मत पूछिएगा, क्योंकि हर चीज बताने वाली थोड़ी ही होती है।

## जाइए... आप कहां जाएंगे?



जिंदगी बड़ी जटिल है। कहां जाएं, कहां ना जाएं...समझ ही नहीं आता है। आपकी समस्या का तो समाधान हो भी जाए, लेकिन यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई सदस्यों की समस्याएं हल होने का नाम ही नहीं लेती है। क्या है कि कुछ दिनों बाद नगरीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसके लिए दोनों ही संगठनों के छुटभैय्ये नेता टिकट के लिए जुगाड़ में लग गए हैं। कोई इधर जा रहा है तो कोई उधर। कई तो ऐसे भी हैं, जो इधर के हैं या उधर के, ये ही समझ नहीं आ रहा है। वैसे सुनने में आया है कि कांग्रेस के छात्र सगंठन में बदलाव की प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए ठंडे बस्ते में डाल दी गई है, वजह भी ये नगरीय निकाय चुनाव ही हैं।

जिया कुरैशी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा

# नगरीय निकाय-पंचायत चुनाव में आरक्षण और परिसीमन का पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी तेज कर दी है। चुनाव के लिए परिसीमन और आरक्षण के मामले की समीक्षा की गई, जिसमें यह पाया गया कि कई निकायों में परिसीमन पर कोर्ट के स्थगन के चलते जानकारी निर्वाचन को नहीं मिली है। निर्वाचन आयोग ने समय पर जानकारी भेजने के निर्देश विभागीय सचिव को दिए हैं। उन्होंने पंचायत विभाग को भी इस संबंध में जल्द जानकारी उपलब्ध कराने कहा है। बताया जाता है कि परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया विभाग द्वारा पूरी करने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ सकती है, ऐसे में अब चुनाव दिसंबर-जनवरी में ही होने की संभावना है। पिछले समय निकाय चुनावों को लेकर आरक्षण और परिसीमन को लेकर पूरी जानकारी अक्टूबर तक पूरी कर ली गई थी। अधिकांश निकायों में नवंबर में चुनाव पूरे हो गए थे। ऐसे में कहा जा रहा है कि जब तक पिछड़ा वर्ग का सर्वे और अन्य प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा नहीं किया जा सकता। बताया जाता है कि निर्वाचन आयोग मतदाता सूची तैयार करने में जुटा है। इधर राजनांदगांव, कवर्धा, कुम्हारी, बेमेतरा, तखतपुर में न्यायालय के स्थगन के कारण परिसीमन की जानकारी अप्राप्त है। ऐसे में निर्वाचन आयोग यहां पर चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं कर पाएगा। वहीं यहां पर परिसीमन के बाद ही वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होगी। ऐसे में निकाय चुनाव दिसंबर-जनवरी तक ही होने की संभावना है।

## दिसंबर-जनवरी माह में कार्यक्रम जारी होने की संभावना

### निर्वाचन के दौरान खर्च का आकलन

*नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अन्य तैयारियों और खर्च पर भी निर्वाचन का फोकस है। चुनाव के लिए अधिग्रहित किए जाने वाले वाहनों के किराए की दर, निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षकों का मानदेय, आम एवं उपचुनाव के लिए निर्वाचन संचालन के लिए नियोजित शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए जाने वाले मानदेय की दरों पर भी विचार किया गया। साथ ही वाहन किराए के लिए वित्त विभाग की पूर्वानुमति से संबंधित भेजे गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई।*




कई निकायों में कोर्ट से परिसीमन पर स्थगन, नहीं आई जानकारी

### समन्वय से काम करने के निर्देश

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों से कहा, सभी विभाग आपसी समन्वय से काम करें। सही मतदाता सूची सबसे ज्यादा आवश्यक है। परिसीमन और आरक्षण की कार्रवाई समयसीमा में पूरी की जाए। चुनाव के लिए ये दोनों ही प्रक्रियाएं महत्वपूर्ण होती हैं। चुनावी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की नियमित समीक्षा की जाएगी।

## 5 से 10 रुपए बढ़ाए दाम, दस रुपए और बढ़ाने की तैयारी

# सीमेंट कंपनियां बेलगाम, सरकार की बात नहीं मानी, फिर बढ़ा दिए दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां अब भी बेलगाम हैं। प्रदेश सरकार के सख्त निर्देश थे कि सरकार की मंजूरी के बिना कीमत में इजाफा नहीं करना है, इसके बावजूद कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी चल रही है। वैसे कंपनियां अब भी उसी 50 रुपए की बढ़ी कीमत पर बिलिंग कर रही हैं, जो कीमत सितंबर में बढ़ाई गई थी, लेकिन चौतरफा दबाव में 45 रुपए दाम कम कर दिए गए थे। स्कीम देकर कंपनियां डीलरों को कम कीमत पर माल दे रही हैं, लेकिन अब स्कीम बंद करके दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ हो गया है। कीमत में वापस 50 रुपए तक का इजाफा करने की तैयारी है। नान ट्रेड सीमेंट की कीमत तो 30 रुपए ही कम की गई है। अब भी इसके दाम 20 रुपए ज्यादा है। इसे कम न करने का फैसला कंपनियां कर चुकी हैं।

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर किसी भी तरह का अंकुश प्रदेश सरकार का नहीं है। यही वजह है कि कंपनियां जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नान ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी। कंपनियों ने सरकार के सख्त निर्देश के बाद भी जहां खुले बाजार के सीमेंट के दाम 45 रुपए ही कम किए, वहीं नान ट्रेड में कीमत 30 रुपए ही कम की।



### बढ़ा दिए दाम

मानसून की बारिश थमने के बाद अब नवरात्रि से लगातार निर्माण कार्य होने लगे हैं। ऐसे में सीमेंट की डिमांड अपने राज्य के साथ ही बाहर के राज्यों से आने लगी है तो सीमेंट कंपनियों ने वापस दाम बढ़ाने का काम प्रारंभ कर दिया है। ज्यादातर कंपनियों ने पांच से दस रुपए दाम बढ़ा दिए हैं। इसी के साथ अगले सप्ताह दस रुपए दाम और बढ़ाने की तैयारी है। दाम बढ़ाने से पहले किसी भी तरह से सरकार से मंजूरी नहीं ली गई है।

### बिलिंग में खेल

सीमेंट का कारोबार करने वालों के मुताबिक, बिलिंग में तो खेल हो रहा है। प्रदेश सरकार के निर्देश के बाद कंपनियों ने दाम कम करने की बात जरूर की, लेकिन बिलिंग आज भी पहले के बढ़े हुए दाम पर ही हो रही है। ज्यादातर कंपनियां 300 से 320 रुपए की बिलिंग कर रही हैं। जबकि कीमत कम होने के बाद दाम 250 से 285 रुपए हो गए हैं, लेकिन कंपनियां डीलरों को स्कीम देकर दाम कम कर दे रही हैं। अब स्कीम में कटौती करके दाम बढ़ाने का क्रम प्रारंभ हो गया है। जानकारों का कहना है, आने वाले समय में कंपनियां वापस 50 रुपए तक दाम बढ़ा देंगी।

# मुख्यमंत्री साय ने कहा- कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ छत्तीसगढ़ में करप्शन करने वाला बचेगा नहीं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा भारतीय जनता पार्टी को आतंकवाद की पार्टी कहने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी फ्यूज बल्ब की तरह है। आज सबको मालूम है कि कांग्रेस एक ऐसी पार्टी थी, जो एक समय एकछत्र राज करती थी। उन्हीं के प्रधानमंत्री और उन्हीं के मुख्यमंत्री सभी प्रदेशों में होते थे। आजादी के 75 वर्षों में अधिकांश समय उन्होंने राज किया, लेकिन उनकी गलत नीतियों, शोषण, भ्रष्टाचार के कारण देश की जनता का ये लोग विश्वास खो चुके हैं। ये पार्टी आज सिकुड़ती जा रही है और यह लोग कुछ भी बोल रहे हैं। इसका कोई अर्थ निकालने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप के मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार करप्शन के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। आप लोग देख रहे हैं कि यहां पर जो भी पिछले समय में घोटाले हुए, चाहे वह कोयला घोटाला हो, शराब घोटाला हो, डीएमएफ घोटाला हो या बालू घोटाला। आज उस पर कार्रवाई हो रही है। कई लोग जेल में हैं, जमानत पर हैं, जबकि कई लोग जेल जाने की तैयारी में हैं। हम लोगों का सौभाग्य है कि हमारी सरकार आज महादेव सट्टा एप का जो मुख्य किरदार, जो विदेश में बैठा हुआ था, उसे भी प्रत्यर्पण आदेश कराकर गिरफ्तार कर भारत लाने की तैयारी में है। अब छत्तीसगढ़ में कोई भी करप्शन या भ्रष्टाचार करने वाला बचने वाला नहीं है।

# बाबा सिद्दीकी ने छग में किया था कांग्रेस का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



महाराष्ट्र के दिवंगत एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का छत्तीसगढ़ रायपुर से भी सियासी नाता रहा है। विधानसभा चुनाव-2023 और लोकसभा चुनाव-2024 में उन्हें रायपुर की अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। रायपुर कांग्रेस प्रभारी बनाए जाने के बाद बाबा सिद्दीकी रायपुर से कांग्रेस प्रत्याशी कुलदीप जुनेजा के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे, जहां चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। वे चुनाव के दौरान सितंबर और नवंबर में रायपुर आए थे। इस दौरे के दौरान स्थानीय नेताओं के साथ बैठक भी की थी। छत्तीसगढ़ मुंबई में महाराष्ट्र के राजनेता बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उनको गोली लगने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। बाबा बॉलीवुड कलाकार सलमान खान के करीबी दोस्त रहे हैं। बताया गया कि बाबा सिद्दीकी को चुनाव के दौरान रायपुर में अहम जिम्मेदारी कांग्रेस ने सौंपी थी। वे यहां रहकर, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गिरीश दुबे, राजेंद्र तिवारी और संजय पाठक के साथ शहर के कई इलाके में गए। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए प्रोत्साहित किया।

# गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी का नए स्वरूप में होगा विकास

गुरुदर्शन और संत समागम मेले में शामिल होने भंडारपुरी पहुंचे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेले में शामिल हुए। उन्होंने सतनामी समाज गुरुगद्दी आसन के दर्शन और पूजा कर प्रदेशवासियों की खुशहाली तथा सामाजिक समरसता की कामना की। उन्होंने सतनामी समाज के गुरुओं को सामाजिक एकता और भाईचारे का प्रेरणास्त्रोत बताया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान बाबा गुरु घासीदास की कर्मभूमि भंडारपुरी धाम को सजाने-संवारने के लिए कई कार्यों की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिवर्ष आयोजित भंडारपुरी मेले के लिए हर साल 20 लाख रुपए और मेला स्थल के विकास के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने भंडारपुरी में मिनी स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए दस लाख रुपए और अटल समरसता भवन के प्रथम तल के लिए 20 लाख रुपए देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, भंडारपुरी के लोगों की सुविधा के लिए आंतरिक मार्गों और सड़कों को बनाने का काम, रायपुर जिले के संडी-सेजा-भंडार मार्ग के निर्माण को आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। भंडारपुरी धाम में गुरुदर्शन और संत समागम मेले में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब, सांसद कमलेश जांगड़े, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और अनुज शर्मा सहित सतनामी समाज के अनेक धर्मगुरु तथा अनुयायी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।



### पूरा समाज एकजुट होकर आगे बढ़े : गुरु बालदास

*विधायक खुशवंत साहेब ने कहा, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का सांय-सांय विकास हो रहा है। उन्होंने भण्डारपुरी धाम मेला के इतिहास को रेखांकित करते हुए कहा, राजा बालकदास के सम्मान में यहां मेला आयोजित होता है। यहां धर्म मंच से सतनाम के आदर्श और ज्ञान को बताया जाता है। गुरु बालदास ने कहा, आज के दिन ही गुरु बालकदास ने राजा की पदवी धारण की और भंडारपुरी को अपनी कर्मभूमि के रूप में स्थापित किया था। सतनामी समाज के सभी संघ-समिति-संस्था एक सूत्र में बंधें, पूरा समाज एकजुट हो और आगे बढ़े।*

### बाबा घासीदास के बताए मार्ग पर चल रही सरकार

*मुख्यमंत्री ने रविवार को भंडारपुरी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, हमारे सनातन धर्म में गुरु का बड़ा महत्व है। छत्तीसगढ़ की सरकार बाबा गुरु घासीदास के बताए 'मनखे मनखे एक समान' के मार्ग पर चल रही है। हम सभी धर्मों, जातियों और समाजों के विकास के लिए कृत संकल्पित हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय पर चलकर देश का विकास कर रहे हैं।*

### दोगुनी रफ्तार से विकास : टंकराम

*राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भंडारपुरी धाम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, गुरु घासीदास बाबा के छठवें वंशज आज हमारे साथ यहां मौजूद हैं, यह हमारा सौभाग्य है। हम गुरु घासीदास के बताए रास्ते पर चलें और राज्य के विकास में सहभागी बनें। हमारे मुख्यमंत्री ने केवल सौ दिनों में ही मोदीजी की अधिकांश गारंटियां पूरी कर दी हैं। डबल इंजन की सरकार दोगुनी रफ्तार से राज्य का विकास कर रही है।*

## सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर

# भाजपा का सदस्यता अभियान अब 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा का सामान्य सदस्य बनाने का अभियान दो दिन बाद 15 अक्टूबर को समाप्त होना है, लेकिन अब तक भाजपा 60 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य से 22 लाख दूर है। ऐसे में अब प्रदेश संगठन ने फैसला किया है कि सदस्यता अभियान को सक्रिय सदस्यता वाले अभियान के साथ-साथ 31 अक्टूबर तक चलाया जाए और लक्ष्य तक पहुंचा जाए। इस समय ऑफलाइन सदस्य बनाने पर भी फोकस किया जा रहा है। जिनके पास मोबाइल नहीं है, उनको फार्म भरकर सदस्य बनाया जा रहा है। ऑफलाइन दस लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से सदस्यता अभियान के लिए तीन चरण तय किए हैं। पहला चरण 2 से 25 सितंबर और दूसरा 1 से 15 अक्टूबर और तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता के लिए 16 से 31 अक्टूबर है। प्रदेश संगठन ने जहां पहला चरण यहां पर 2 अक्टूबर तक चलाया, वहीं अब दूसरे चरण की तारीख को भी बढ़ा दिया है। इसे बढ़ाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि लाख कोशिशों के बाद भी अब तक भाजपा के 60 लाख सामान्य सदस्य नहीं बन सके हैं। पहले यह लक्ष्य 50 लाख रखा गया था, लेकिन जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रायपुर आए और उन्होंने यहां पर सदस्य बनाने की रफ्तार देखी तो लक्ष्य को दस लाख बढ़ा दिया। लक्ष्य बढ़ने के कारण इस समय भाजपा लक्ष्य से 22 लाख दूर है। अब तक 38 लाख सदस्य बने हैं। 15 अक्टूबर तक यह आंकड़ा 40 लाख तक पहुंचने की संभावना है।

### बढ़ाई है तारीख

अभी 60 लाख सदस्य न बन पाने के कारण अब सामान्य सदस्य बनाने के लिए भी 31 अक्टूबर तक की तिथि तय की गई है। सक्रिय सदस्यता का अभियान भी 16 से 31 अक्टूबर तक चलता रहेगा, लेकिन सामान्य सदस्य बनाने का काम भी होगा।

**- नवीन मार्कंडेय,** सदस्य, सदस्यता अभियान समिति

### ऑफलाइन सदस्य भी बना रहे

*एक तरफ भाजपा का जहां मोबाइल से मिस्ड कॉल कर ऑनलाइन सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है, वहीं अब ऑफलाइन सदस्य बनाने का काम भी किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य सिर्फ उनको बनाया जा रहा है, जिनके पास कोई मोबाइल नहीं है। ऐसे लोगों से ऑफलाइन फार्म भरवाए जा रहे हैं। इसके बाद इनको सभी जिलों में ऑनलाइन भाजपा के पोर्टल में दर्ज किया जा रहा है। ऑफलाइन सदस्य बनाने का अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस समय तक 10 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर 31 अक्टूबर तक 60 लाख का आंकड़ा पार करने की योजना पर काम हो रहा है।*

# प्रदेशभर में 20 से कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ कार्यकर्ताओं को मोटिवेट करेंगे पायलट और बैज

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और उपचुनाव से पहले कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को चार्ज करने जा रही है। 20 अक्टूबर से कांग्रेस का विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू होगा। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। अब कार्यकर्ताओं की निराशा दूर करने के लिए प्रदेशभर में सम्मेलन किए जाएंगे, ताकि आने वाले निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को रीचार्ज किया जा सके। कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव से पहले अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत और एक्टिव करना चाह रही है। दो चुनावों में मिली निराशा के बाद कार्यकर्ताओं में पार्टी फिर से जोश भरना चाहती है।

### जीतने वाले प्रत्याशी को ही देंगे टिकट

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने जानकारी देते हुए कहा, दक्षिण विधानसभा में कांग्रेस 20 अक्टूबर को कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी। बाहरी प्रत्याशियों की दावेदारी को लेकर उन्होंने कहा, कांग्रेस में सभी को टिकट मांगने का हक है। राजनांदगांव और अन्य स्थानों के नेताओं ने भी टिकट मांगा है, लेकिन टिकट किसी एक को दिया जाएगा और जीत की क्षमता देखकर ही टिकट देंगे।

# नई अध्यक्ष के लिए पीएससी में बड़ी चुनौती, विवादों से दामन साफ रखने के साथ थोक में पूरे करने होंगे अटके काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

## डॉ. रीता शांडिल्य को बनाया गया है पीएससी का नया अध्यक्ष

एक साल बाद पीएससी को नया कार्यकारी अध्यक्ष मिला है। सरकार ने आदेश जारी करते हुए पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ. रीता शांडिल्य को पीएससी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति इसलिए भी अहम है, क्योंकि कुछ दिनों के अंतराल में मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए साक्षात्कार होने वाले हैं। कुछ दिनों पूर्व मेंस के परिणाम जारी करने के साथ ही पीएससी ने इंटरव्यू की तारीखों का भी ऐलान किया था। पीएससी 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक साक्षात्कार आयोजित करने जा रहा है। पूर्व में हुए विवाद को देखते हुए साक्षात्कार से पहले स्थायी अध्यक्ष की मांग की जा रही थी। पीएससी को नया अध्यक्ष तो मिल गया है, लेकिन यह भी स्थायी न होकर कार्यकारी ही है।

- मुख्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए 15 अक्टूबर से प्रारंभ होगा साक्षात्कार

पीएससी भर्ती परीक्षा 2022 में भर्तियों में लेन-देन के आरोप लगे थे। तत्कालीन अध्यक्ष टॉमन सिंह सोनवानी को उनके पद से हटाने के बाद बीते वर्ष अक्टूबर में प्रवीण वर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष का प्रभार दिया गया था। वे इस पद पर एक वर्ष तक रहे। इसके पहले वे पीएससी के सदस्य भी रह चुके हैं। चूंकि उनकी नियुक्ति कांग्रेस कार्यकाल में हुई थी, इसलिए उन्हें हटाने की मांग भी बीच-बीच में की जाती रही है। अब नई अध्यक्ष आ गई हैं, लेकिन उनके सामने दामन साफ रखने समेत कई तरह की चुनौतियां रहेंगी।

### कैलेंडर के लिए मंगाए थे प्रस्ताव

स्थायी अध्यक्ष नहीं होने के कारण पीएससी के कार्य अटके हुए हैं। इनमें से एक पीएससी की महत्वकांक्षी योजना है शैक्षणिक कैलेंडर। पीएससी द्वारा यूपीएससी की तर्ज पर पूरे वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए शैक्षणिक कैलेंडर तैयार करने की योजना थी, ताकि छात्रों को पूरे वर्ष की परीक्षाओं की जानकारी सत्र की शुरुआत में ही मिल जाए। इसके लिए विभिन्न विभागों से रिक्त पदों की जानकारी भी मांगी गई थी। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, विभाग द्वारा इसके लिए जानकारी तो भेज दी गई है, लेकिन अब तक पीएससी इसे शेड्यूल करते हुए कैलेंडर तैयार नहीं कर सका है। नए अध्यक्ष के आने के बाद जल्द ही इस कैलेंडर के जारी होने की उम्मीद है।




### कम किए गए साक्षात्कार के अंक

विवादों के बाद पीएससी में इंटरव्यू के अंक घटाए गए हैं। पूर्व में 150 अंकों के लिए साक्षात्कार होते थे। अब 100 अंकों के लिए ही इंटरव्यू होंगे। नए पैटर्न पर पहली बार साक्षात्कार लिए जा रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान ही अपने करीबियों को अधिक अंक देकर उन्हें अच्छे रैंक प्रदान करने के आरोप लगते रहे हैं। 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे इंटरव्यू के लिए अब नए अध्यक्ष द्वारा पैनल बनाए जाएंगे, जो यह प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

## सीएम आज लैलूंगा में

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 अक्टूबर को एक दिवसीय रायगढ़ जिले के लैलूंगा प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय सोमवार दोपहर 2.15 बजे ग्राम-सिलौटा जिला सूरजपुर से हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 3 बजे लैलूंगा पहुंचेंगे। जहां अपरान्ह 3.05 बजे वृहत सम्मेलन एवं उरांव समाज के करमा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।

## निधन

### सेवती गोस्वामी



**रायपुर।** मीडिया सिटी महोबा बाजार कोटा निवासी सेवती गोस्वामी (81) का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 अक्टूबर को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे स्व. कुलेश्वर पुरी गोस्वामी (खम्हरिया वाले) की पत्नी और पत्रकार कृष्णा गोस्वामी की सास एवं संगीता गोस्वामी की माता थीं।

### मनोरमा शर्मा




**रायपुर।** डगनिया निवासी मनोरमा शर्मा (76) का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे ग्राम चिखली आरंग में किया जाएगा। वे बिसौहा प्रसाद शर्मा की पत्नी और उषा किरण शुक्ला, रविंद्र, जितेंद्र शर्मा की माता थीं।

### शांतिबाई शुक्ला



**रायपुर।** सुंदरनगर निवासी शांतिबाई शुक्ला का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. पन्नालाल शुक्ला (मोहदी, कुम्हारी वाले) की धर्मपत्नी थीं।

### गेंद सिंह फरिकार



**रायपुर।** कंकालीपारा निवासी धीवर समाज के पूर्व अध्यक्ष व रिटायर्ड प्राचार्य गेंद सिंह फरिकार का 13 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अक्टूबर को सुबह महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे नवींद्र कुमार फरिकार और यशपाल फरिकार के पिता थे। उनके निधन पर धीवर समाज ने श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### शरद पूर्णिमा पर घर समेत चौक-चौराहों पर बनाई जाएगी खीर

# शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में विशेष श्रृंगार चांद की रोशनी में बनेगी खीर, औषधि भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आश्विन शुक्ल पक्ष पर बुधवार को शहर में चावल की खीर बनाकर शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जाएगा। नवरात्रि के बाद मंदिरों में पूर्णिमा को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। रात्रि 12 बजे भगवान की विशेष पूजा-अर्चना कर भोग लगाया जाएगा, जिसके बाद लोगों को प्रसाद वितरण करेंगे। शहर में परंपरा अनुसार घर समेत चौक-चौराहों में चंद्रमा की रोशनी के अमृत वर्षा के लिए रखा जाएगा। पंचांग के अनुसार, आश्विन माह के पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 16 अक्टूबर को रात्रि 08 बजकर 40 मिनट पर होगी।

वहीं, इस तिथि का समापन अगले दिन 17 अक्टूबर को शाम को 04 बजकर 55 मिनट पर होगा। इस दिन चंद्रोदय शाम को 05 बजकर 05 मिनट पर होगा। महामाया मंदिर में लगभग 30 किलो दूध से खीर व रबड़ी बनाई जाएगी। पुजारी ने बताया कि 11 बजे माता का विशेष श्रृंगार किया होगा, जिसके बाद 12 बजे से महाआरती होगी। माता को खीर का भोग लगाने के बाद प्रसाद भक्तों को वितरित करेंगे। अगले दिन सुबह भी भक्तों को खीर का प्रसाद दिया जाएगा। इसके अलावा शहर के प्राचीन मंदिरों में भी खीर बनेगी।

### फूलों से जुगलजोड़ी का करेंगे श्रृंगार

पुरानी बस्ती स्थित दूधाधारी मठ में भगवान श्रीराम की विधिवत पूजा के बाद भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस दौरान भगवान का विशेष श्रृंगार की तैयारी है। देर रात तक भगवान के दर्शन करने मंदिर मठ खुला रहेगा। महाआरती के बाद सभी भक्तों को प्रसाद में खीर दी जाएगी।इसके अलावा टाटीबंध के इस्कॉन मंदिर, समता कालोनी के राधाकृष्ण और खाटू वाले श्याम बाबा व जवाहर नगर के राधाकृष्ण मंदिर में जुगलजोड़ी सरकार का विविध फूलों से मनमोहक श्रृंगार के बाद चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर का भोग लगाया जाएगा।



### गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से बनाऐगी खीर

शरद पूर्णिमा के अवसर पर समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में आयुर्वेद पद्धति से खीर बनाई जाएगी। गायत्री परिवार के आयुर्वेद जानकार का कहना है कि शरद पूर्णिमा को रात में खीर खाने का अधिक महत्व होता है। इस दिन औषधियुक्त खीर बनाई जाती है। जो आम लोगों की विभिन्न बीमारियों से रक्षा करती है। इस तरह के खीर सेवन से महिलाओं को स्वास्थ्यगत समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

### अस्थमा और दमा मरीजों को बांटी दवा

रामकृष्ण जनसमूह ट्रस्ट द्वारा लाखेनगर में अस्थमा और दमा मरीजों को दवा बांटकर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। संस्था द्वारा प्रतिवर्ष जड़ी-बूटी युक्त दवाओं का वितरण किया जाता है। रात्रि 9 बजे मंडली द्वारा भजन कृर्तन कार्यक्रम शुरू होगा, जो देर रात 12 बजे तक जारी रहेगा। इस दौरान आम लोगों को जड़ी-बूटियों से मिश्रित खीर के साथ कमरदर्द, पीलिया, श्वांस, दमा, पथरी, बेमची समेत अन्य बीमारियों से निजात दिलाने निशुल्क प्रसाद वितरित होगा। सालों से शहर में यह परंपरा चली आ रही है।

### कालीबाड़ी में माता लक्ष्मी की पूजा

बंगाली समाज में कालीबाड़ी स्थित मंदिर में शाम 7 बजे लक्ष्मी माता की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। इसके बाद रात में खीर बनाकर वितरित की जाएगी। मंदिर के सदस्य ने बताया कि बंगाली में दीपावली के दिन होने वाली पूजा शरद पूर्णिमा के दिन भी की जाती है। इस दिन से माता लक्ष्मी घर में पधारती हैं। पूजा का भी विशेष महत्व होता है। मंदिर के अलावा शहर में बंगाली समाज के घरों में पारंपरिक रंगोली व माता की विशेष पूजा होगी।

## ज्योतिष सम्मेलन में देशभर से पहुंचे विद्वतजन



**रायपुर।** अम्लेश्वर स्थित श्री महाकालधाम में रविवार को विराट ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का ऐसा आयोजन दूसरी बार हुआ, जो ज्योतिष मनीषियों के लिए ऐतिहासिक और सार्थक साबित हुआ। इस विराट ज्योतिष सम्मेलन में देशभर के सभी विख्यात ज्योतिषी, वास्तु शास्त्री, आचार्य, महामंडलेश्वर और महंत शामिल हुए। कार्यक्रम में पहले भगवान महाकाल का राजसी श्रृंगार किया गया। फिर महाकाल की आरती पुण्य मुहूर्त में हुई। इसके बाद देश के सभी हिस्सों से पधारे विद्वानों ने अपने व्याख्यान और शोधपत्र पढ़े। टैरो कार्ड रीडर आकांक्षा ने भविष्यवाणी की कि देश की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, मगर तनाव बना रहेगा। मोदीजी आगे भी अपने पद पर बने रहेंगे। वही डॉ. राजेश ताम्रकार ने कहा कि, राहु एक अद्भुत ग्रह है, जातक को जबरदस्त लाभ दे सकते हैं। जबलपुर से आए डॉ. सुनील दुलहानी ने कहा कि सनातन वैदिक ज्योतिष को सामान्य जातकों के समाधान के पांच ही मार्ग हैं। मंत्र, जप, दान, स्वाध्याय, सत्संग और यज्ञ। ज्योतिष और ज्योतिषियों को इसका दृढ़ता से पालन करना चाहिए। वहीं डॉ. शिखा पांडे ने अंगारक दोष, पितृदोष, चांडाल दोष पर गंभीर और सारगर्भित बातें बताईं और कहा कि इन दोषों की विधिवत शांति करा लेनी चाहिए। महाकाल धाम अम्लेश्वर के पं. प्रियाशरण त्रिपाठी इस सम्मेलन के बारे में चर्चा की।

*ज्योतिषियों का हुआ सम्मान : इस भव्य और दिव्य आयोजन में देश के विख्यात ज्योतिषियों को ज्योतिष भास्कर, ज्योतिष शिरोमणि, ज्योतिष सम्राट और ज्योतिष भूषण की उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही कर्मकांड के प्रखर विद्वानों को संत, राजर्षि, देवर्षि तथा ब्रह्मर्षि की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।*

# आरडीए कॉलोनी में सात सौ परिवारों के लिए खतरा बने प्राइवेट कॉलोनी के टीसी मीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर में बिजली व्यवस्था के लिए केबल को जहां अंडरग्राउंड किया जा रहा है। वहीं आउटर इलाके बोरियाखुर्द की आरडीए कॉलोनी में रहने वाले सात सौ परिवारों के लिए टेम्परेरी कनेक्शन यहां-वहां खींचे गए केबल से अभी तक राहत नहीं मिली है। आरडीए कॉलोनी के बिजली पोल में लटकाए गए टीसी मीटर हटाने के लिए कई बार शिकायत करने पर भी सुधार नहीं हो रहा है। इसे हटवाने के लिए कॉलोनीवासियों ने कई बार बिजली कंपनी के अधिकारियों को आवेदन दिए, लेकिन समाधान नहीं किया गया है।

राजधानी के बोरियाखुर्द में आरडीए ने बहुमंजिला कॉलोनी बनाने के बाद फ्लैट को सात सौ परिवारों को हैंडओवर किया है। जहां रहने वाले परिवारों के लिए विगत पांच साल से कॉलोनी के पास स्थित एक प्राइवेट कॉलोनी में रहने वाले 50 परिवारों को टेम्परेरी बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। यहां आरडीए द्वारा लगाए गए बिजली खंबों पर दर्जनों मीटर लटके हैं। सर्विस तार को भी काफी नीचे से कॉलोनी तक ले जाया गया है। इससे आने-जाने वाले लोगों को भी करंट का खतरा सताने लगा है। कई बार अचानक केबल टूटकर गिरने से लोग बाल-बाल बचे हैं। इसके बाद भी स्थाई विकल्प नहीं किया गया है। कॉलोनी के रहवासी अशफाक दानी, सुभाष विश्वकर्मा और जमाल खान ने इस मामले को लेकर कई बार बिजली महकमे में शिकायत की है।



### हमें जानकारी नहीं

जिस कॉलोनी की समस्या बता रहे हैं। वहां के लोगों द्वारा अगर शिकायत की गई है तो उसे को संज्ञान में लिया जाएगा। हालांकि इस तरह की शिकायत मेरी जानकारी में नहीं है।

*- **जेएस नेताम**, मुख्य अभियंता सीएसईबी, रायपुर*

# सिंधी काउंसिल : छत्तीसगढ़ युवा विंग की नई कार्यकारिणी घोषित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की युवा विंग छत्तीसगढ़ इकाई ने आगामी सत्र के लिए अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी की टीम की घोषणा की, जो अपनी नेतृत्व क्षमता से संगठन को और शक्तिशाली बनाएगी। नवघोषित कार्यकारिणी में राज्य अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी, महासचिव गौतम रेलवानी, कोषाध्यक्ष नरेश पंजवानी, सह-कोषाध्यक्ष डॉ. निखिल मोतीरमानी, यूथ मेंटर सुनील वाधवा को बनाया गया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष आशीष वासवानी, संदीप थौरानी, विनय नागदेव, अमित जगवानी, सनी कुकरेजा, मनीष थारानी, जय केशवानी, जय कुमार रेलवानी, गौरव पंजवानी, धीरज जसवानी, राज्य सचिव अविनाश खेतपाल, सुरेश वासवानी, भीष्म नारायण हबलानी, अमित मंधान, रितेश रंगलानी, दिनेश तरवानी, राजकुमार मनवानी, विकेश डोडई, गोविंद सचकपूर, जीतेंद्र मंगतानी, मीडिया वाट्स एप रोशन आहूजा, मीडिया सोशल बाबू खेमानी, मीडिया प्रेस और अन्य जतिन नचरानी और विशेष आमंत्रित सदस्य विक्रम मंधान, मनीष राजपाल, विक्रम तलरेजा, मुकेश मोटवानी, हिमांशु माखीजा, गौरव सिहानी, विजय झाम्बिया, मोहित विद्धानी आदि शामिल हैं।

- युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष सीए रवि ग्वालानी की टीम की घोषणा की

# पुण्य के उदय से प्राप्त होता है साधु का दर्शन : मुनिश्री विजय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास-2024 की प्रवचनमाला जारी है। रविवार को महामंगलकारी शाश्वत नवपद ओली की आराधना का पांचवा दिन रहा। पांचवे दिन साधुपद की आराधना की गई। ओजस्वी प्रवचनकार मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी ने कहा कि साधु का दर्शन भी पुण्य के उदय से प्राप्त होता है। यदि साधु का दर्शन हो गया और साधु द्वारा नवकार मंत्र कान में पड़ गया तो जीवन सुधर जाएगा और आने वाला भव भी सुधर जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि नवपदजी भगवंत को एक श्रेणी में रख दिया जाए तो आज का दिन जो है, वह नवपदजी के केंद्र में विराजमान साधुपद है, आज साधुपद की आराधना का दिन है। अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और फिर साधुपद आता है, लेकिन साधुपद ही है, जो आगे जाकर उपाध्याय पद प्राप्त करता है। इसी तरह क्रमशः आगे बढ़ सकता है। उपाध्याय पद की जड़ ही साधु है। ऐसे ही सभी पद प्राप्त करने के लिए सबसे पहले साधु बनना पड़ता है। मुनिश्री ने कहा कि सिद्ध भगवंत भी बनना है तो साधु बनकर साधना करनी पड़ेगी। भगवान महावीर स्वामी, भगवान ऋषभदेव भी सबसे पहले साधु ही बने। साधु बनकर ही कोई भी ऊपर तक पहुंच सकता है।

- जैन मंदिर विवेकानंद नगर में जारी चातुर्मास प्रवचन



## पेज 09 के शेष ...

### मां जगदम्बा को...

की आराधना के बाद शनिवार से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। रविवार को दूसरे दिन भी देर शाम तक यह क्रम जारी रहा। बाजे-गाजे के साथ पारंपरिक जसगीतों की लय पर नृत्य करती महिलाएं, युवा और बच्चे उत्साह के साथ विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। बूढ़ापारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर, सुंदरनगर, आमापारा, आजाद चौक, टिकरापारा, महावीर नगर, तेलीबांधा, अमलीडीह सहित शहर के अन्य स्थानों पर दुर्गोत्सव समिति के पदाधिकारी लोगों के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के लिए जयकारे लगाते निकले।

### पंप बंद, थोड़ी ठंडक...

का ग्राफ गिर गया था। इसी के साथ कृषि पंप भी बहुत कम चल रहे थे। जुलाई के अंतिम सप्ताह से स्टील उद्योगों के आंदोलन के कारण, उद्योगों के बंद होने के कारण भी खपत पर फर्क पड़ा था। ऐसे में बिजली की खपत 58 सौ मेगावाट से घटकर 35 सौ मेगावाट पर आ गई थी, लेकिन अगस्त से उद्योगों के वापस चलने के कारण खपत में इजाफा हुआ। इसके बाद भी मानसून के कारण खपत चार हजार से साढ़े हजार मेगावाट तक ही जा रही थी। ज्यादा बारिश होने पर खपत चार हजार मेगावाट के आसपास थी। कम बारिश होने पर उमस के कारण खपत में इजाफा हो रहा था, लेकिन अब खपत में इजाफा होने का क्रम थम गया है और खपत कम होती जा रही है।

### गैंगस्टर अमन साहू को...

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र में पीआरए कंपनी के कारोबारी पर फायरिंग कराने के मामले में पुलिस ने अलग-अलग राज्यों से आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें हरियाणा का अमनदीप वाल्मीकि, जो वारदात का मास्टरमाइंड है, उसके अलावा फायरिंग करने वाले शूटरों में मनसा पंजाब निवासी सागर, प्रवीण सिंह उर्फ पिन्नू निवासी ग्राम टीटुखेड़ा सिरसा हरियाणा के अलावा उसके अन्य साथियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस को इस मामले में जानकारी मिली थी कि इस वारदात के पीछे अमन साहू का हाथ है, जो विश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है। अमन साहू झारखंड की जेल में रहते हुए इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों को हायर किया था। इसके बाद से पुलिस अमन साहू को प्रोडक्शन रिमांड पर लेने के लिए पिछले कई दिनों से प्रयास कर रही थी। सूत्रों के अनुसार, आखिरकार पुलिस को गैंगस्टर की प्रोडक्शन रिमांड मिली गई, जिसके बाद उसे कड़ी निगरानी में रायपुर लाया गया है।

### सरगुजा के रास्ते...

परिवर्तन दिखाई देगा। अभी वहां का तापमान 20 डिग्री के आसपास दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य स्थिति है। आने वाले दिनों में इसमें एक से दो डिग्री की गिरावट होने की संभावना है। राज्य में उत्तर की शुष्क हवा का प्रवेश होने के बाद मौसम में बदलाव नजर आने के आसार हैं।

**जुलाई से किसानी, बारिश की जरूरत :** कृषि विज्ञान से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, प्रदेश में जिस इलाके में जुलाई से खेती-किसानी शुरू की जाती है और वहां नहर अथवा अन्य संसाधनों से सिंचाई की सुविधा नहीं है, वहां अच्छी बारिश की जरूरत है। अभी धान की फली में दूध भरने का वक्त आ चुका है, ऐसे इलाकों में पानी की आवश्यकता है।

**रविवार को धूप-छांव की स्थिति :** रविवार को शहर में धूप-छांव की स्थिति रही। छाए बादल समय-समय पर कड़ी धूप से राहत दे रहे थे। इसका कोई खास प्रभाव शहर के तापमान पर नहीं पड़ा और दिन का पारा 34.9 डिग्री तक पहुंच गया। राज्य में सबसे अधिक तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस दंतेवाड़ा का दर्ज किया गया है।



# बूढ़ापारा धरनास्थल पर बना रहे वेंडिंग जोन, 12 वेंडरों को मिलेगा स्पेस, निर्माण पर ऐतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम ने बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल और जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने ऑनलाइन टेंडर राघव एसोसिएट्स को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया है। अनुबंधित एजेंसी इन दिनों पुराने धरनास्थल के पास वेंडिंग जोन बनाने के काम में जोर-शोर से जुट गई है। यहां पर 12 पंजीकृत वेंडरों को वेंडिंग जोन में स्पेस दिया जाएगा। 10 बाई 10 आकार के वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिए जाएंगे। इसका किराया अभी तय नहीं हुआ है। जोन-4 की वेंडिंग कमेटी इसका किराया तय करेगी। वहीं कचरा डंपिंग जोन के पास वेंडिंग जोन बनने से पहले ही इसका विरोध शुरू हो गया है।

राजधानी के सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम शहर में दर्जनभर स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने जा रहा है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में जब्बार नाले के पास वेंडिंग जोन बनाने एजेंसी तय की गई है। एजेंसी को 3 माह समय वेंडिंग जोन बनाने दिया गया है। संबंधित एजेंसी ने बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल पर वेंडिंग जोन बनाना शुरू दिया है। वेंडिंग जोन में 12 पंजीकृत वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट किराये पर दिए जाएंगे। प्रति कॉर्ट एक लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। अरविंद दीक्षित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने कहा, बूढ़ातालाब के सामने पुराने धरनास्थल वाली जगह पर वेंडिंग जोन बनाने की कोई तुक नहीं है। कचरे की बदबू से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इससे लोगों की सेहत प्रभावित होगी। वहां प्रॉपर पार्किंग स्पेस नहीं है, इसलिए लोग गाड़ियां सड़क पर खड़ी करेंगे, ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या फिर से शुरू हो जाएगी।

## रायपुर स्मार्ट सिटी ने वेंडिंग जोन बनाने राघव एसोसिएट्स को दिया ठेका

### निर्माण से पहले विरोध के स्वर

सदर-विवेकानंद वार्ड पार्षद डॉ. सीमा-मुकेश कंदोई का कहना है, पहले वहां से नगर निगम एसएलआरएम सेंटर हटाए, बाद में वेंडिंग जोन बनाए, क्योंकि धरनास्थल के पास नगर निगम का कचरा डंपिग जोन बना है, जहां पर रोजाना 100 से अधिक गाड़ियां शहरभर का कूड़ा-करकट लेकर डंप करने आती हैं। ऐसी जगह पर वेंडिंग जोन बनाना जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ है। डंपिग जोन से उठने वाली बदबू इतनी ज्यादा रहती है कि कोई वहां बैठ भी नहीं सकता। वेंडिंग जोन के बाजू में खाने-पीने वालों के बैठने के लिए शेड बना रहे हैं, वहां बैठकर लोग खाना खाएंगे तो वायरस उड़कर सीधे खाद्य सामग्री में मिलेगा। इसलिए यहां वेंडिंग जोन का कोई औचित्य नहीं है। सभापति प्रमोद दुबे के कक्ष में जब वेंडिंग कमेटी की बैठक हुई, तब मैने इसका विरोध भी किया था।



## खबर संक्षेप



### कार्यकर्ताओं को बांटी साड़ी

**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड-43 के पार्षद जितेंद्र अग्रवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समस्त कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने केक काटकर मनाया। इस अवसर पर पार्षद ने सभी महिला कार्यकर्ताओं को भेंट स्वरूप साड़ी वितरित की। कार्यक्रम में वार्ड की सभी महिला कार्यकर्ता एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए सीता प्रदर्शनी आज

**रायपुर।** मोवा स्थित कूल होम्स के क्लब हाउस में सोमवार को एक दिवसीय सीता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। सीनी श्रीकुमार व ममता टावरी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में हिस्सा लेने छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से डिजाइनर राजधानी पहुंचे हैं। जहां रायपुरवासियों को ज्वेलरी, कॉस्मेटिक्स, परफ्यूम्स, फुटवियर, साड़ी, सूट, लहंगा, हैंडमेड आइटम्स, होम डेकोर सहित स्वादिष्ट व्यंजन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लघु उद्योग संचालित कर रही महिलाओं को मंच देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना एवं प्रतिभावान डिजाइनर्स को प्लेटफार्म देना है। उद्घाटन सुबह 11 बजे किया जाएगा।

केंद्र से तीन टीमें आएंगी, एक साथ शहर में करेंगी सर्वे

# शहर में मुक्कड़ और सफाई की मैदानी कसरत देखने आ रही टीम, लेगी फीडबैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए केंद्रीय टीम अगले माह रायपुर आएगी। गारबेज फ्री सिटी यानी मुक्कड़ मुक्त शहर और खुले में शौच की प्रवृत्ति की धरातल पर जांच करने अलग-अलग टीमें सर्वे करने उतरेंगी। इसके अलावा वाटर प्लस श्रेणी के लिए सर्वे होगा, यानी 3 टीमें एक साथ शहर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर शहर के सफाई की धरातल पर स्थिति का पता लगाएगी। इसमें पब्लिक फीडबैक शहर की सफाई का पैमाना तय करेगा। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4337 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर यह प्रतिस्पर्धा है, जिसमें रायपुर शहर को टॉप टेन शहर में लाना निगम प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है।

हरिभूमि सरोकार

केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण के तीसरे चरण का सर्वे करने केंद्रीय टीम नवंबर माह में रायपुर आ सकती है। तीसरा राउंड स्वच्छता रैंकिंग के हिसाब से काफी अहम माना जा रहा है। इस बार गारबेज फ्री सिटी, ओडीएफ डबल प्लस और वाटर प्लस श्रेणी में मूल्यांकन करने 3 टीमें शहर में सर्वे करने अलग-अलग हिस्सों में जाएंगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने रायपुर शहर को देश का नंबर वन स्वच्छ शहर बनाने सफाई विभाग के साथ मिलकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बार स्वच्छता रैंकिंग में कुल 9500 अंक रखे गए हैं। जो अलग-अलग श्रेणी में तय मापदंड के हिसाब से दिए जाएंगे। इसमें सर्विस लेवल प्रोवाइड पर 5705 अंक, सर्टिफिकेशन पर 2500 अंक, पब्लिक फीडबैक श्रेणी में 1295 अंक रखे गए हैं। अब तक हुए देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर शहर ने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में अपनी धाक बरकरार रखी है, उसे देश के नंबर वन स्वच्छ शहर होने का तमगा मिला हुआ है।

## पब्लिक फीडबैक श्रेणी, 1295 अंक तय





■ 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले देश के 4447 शहरों के बीच स्वच्छता को लेकर प्रतिस्पर्धा

### वाटर प्लस सिटी श्रेणी में बढ़ सकते हैं नंबर

देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग के लिए होने वाले तीसरे चरण के सर्वे में वाटर प्लस श्रेणी में इस बार रायपुर शहर को ज्यादा अंक मिल सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, खारुन नदी में नाले व नालियों के गंदा पानी जाने से रोकने 3 अलग-अलग स्थानों पर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना के साथ ही उपचारित जल के दोबारा उपयोग को लेकर वाटर प्लस श्रेणी में अंक बढ़ सकते हैं। इसके साथ ही डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड में शहरभर से एकत्र कूड़े-करकट का वैज्ञानिक निष्पादन किए जाने पर अलग से अंक मिलेंगे। साथ ही वायु प्रदूषण रोकने के लिए रोड स्वीपिंग मशीन से शहर की सड़कों की सफाई पर केंद्रीय टीम अंक देगी।

### दो दर्जन मुक्कड़ निगम के लिए बड़ी चुनौती

गारबेज फ्री सिटी के लिए होने वाले केंद्रीय सर्वे में नगर निगम के लिए सबसे बड़ी चुनौती शहर के अलग-अलग क्षेत्र में स्थित दो दर्जन मुक्कड़ हैं। जहां लोग आज भी रोजाना गीला और सूखा कचरा बेहिचक डंप कर रहे हैं। जोन स्तर पर न तो शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने इसके लिए ठोस प्रयास किए गए, न ही निगम मुख्यालय से इसकी पहल हुई। विदित हो कि शहर के मध्य स्थित नगर निगम जोन-2 क्षेत्र में सबसे ज्यादा 5 मुक्कड़ इसमें शामिल हैं।

# प्रायवेट कॉलेजों में एमबीबीएस की 67, बीडीएस की 275 सीटें खाली, मॉपअप एडमिशन 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दोनों पाठ्यक्रम मिलाकर सरकारी कॉलेजों में 26 सीटें बाकी

दो दौर की काउंसिलिंग के बाद निजी कॉलेजों में एमबीबीएस की 67 और बीडीएस की 275 सीटें खाली हैं। मॉपअप राउंड में संस्था चयन की प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है और मेरिट लिस्ट के बाद एडमिशन 16 अक्टूबर से प्रारंभ किया जाएगा। दोनों पाठ्यक्रमों में सरकारी कॉलेजों में कुल 26 सीटें बाकी हैं।

हरिभूमि फॉलोअप

विभिन्न अड़चनों के बीच चिकित्सा शिक्षा विभाग एमबीबीएस और बीडीएस के एडमिशन की प्रक्रिया पूरी करने में जुटा हुआ है। दो राउंड के बाद भी निजी कॉलेजों में दोनों पाठ्यक्रमों की बड़ी संख्या में सीटें बाकी हैं। इसमें एमबीबीएस एडमिशन को लेकर अभी चर्चा में आए एनआरआई कोटे की 10 सीटें भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 सीटें मैनेजमेंट कोटे की हैं, जिसमें एडमिशन के लिए अक्सर मोटी फीस वसूले जाने की चर्चा होती रहती है। निजी मेडिकल कॉलेजों में राज्य कोटे की महज दर्जनभर सीटें शेष हैं। इसी तरह सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की केवल पांच और शासकीय डेंटल कॉलेज में 21 सीटें खाली हैं। निजी दंत महाविद्यालयों में 275 सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाना है, जो बड़ी चुनौती है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 को मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जाएगा और 16 से 21 अक्टूबर तक एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। इसके बाद जरूरत हुई तो स्ट्रे राउंड भी आयोजित किया जाएगा।

### भवन निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रमन मंदिर वार्ड में इंदिरा आवास कॉलोनी के शिव मंदिर गार्डन के पास सांसद निधि से भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूर्व सांसद सुनील सोनी और रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा ने किया। सांसद निधि से सुनील सोनी ने नागरिकों की मांग पर 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी थी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सूर्यकांत राठौड़, मोहन एंटी, गोरेलाल नायक, अरविंद जैन, विष्णु नामदेव, धनेश साहू, केदार यादव, बृजेश रावत सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# प्रबंधन की सख्ती के बाद ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत हर माह बचेंगे 15 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दो साल से बंद पड़ा था प्लांट, गंभीर मरीजों के लिए खरीदनी पड़ रही ऑक्सीजन

■ ब्लैक लिस्ट करने और एफआईआर की धमकी के बाद हरकत में आई एजेंसी

ब्लैक लिस्ट करने तथा एफआईआर कराने की सख्त हिदायत देने के बाद संबंधित ठेका एजेंसी ने डीके अस्पताल के बिगड़े ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने का काम शुरू कर दिया है। जल्द ही अस्पताल के प्लांट में बनने वाली ऑक्सीजन की मदद से गंभीर मरीजों को राहत मिलने लगेगी। साथ ही प्रबंधन को हर महीने 15 लाख रुपए की बचत होगी, जिसे ऑक्सीजन खरीदने में खर्च किया जा रहा है।

डीके अस्पताल के पास अपने खुद का ऑक्सीजन प्लांट है, जिसके माध्यम से वह अपने मरीजों को कोरोनाकाल में ऑक्सीजन देकर राहत पहुंचा रहा था, साथ ही अन्य अस्पतालों को भी ऑक्सीजन सप्लाई की जा रही थी। तकरीबन दो साल पहले इस प्लांट में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। प्लांट को सुधारने का काम सीजीएमएससी के माध्यम से एक एजेंसी को दिया गया और उसे दो बार करीब 66 लाख रुपए का भुगतान ऑक्सीजन प्लांट को सुधारने के लिए दिए गए, मगर प्लांट शुरू नहीं हो पाया था। अस्पताल प्रबंधन इस समस्या को दूर करने के लिए पत्र व्यवहार के साथ हर महीने करीबन 15 लाख रुपए ऑक्सीजन की व्यवस्था पर खर्च कर रहा था, जो अब तक जारी है। महीनेभर पहले मामले की जानकारी विभाग के उच्चाधिकारियों तक पहुंची तो संबंधित एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर मामले में एफआईआर कराने के निर्देश जारी किए गए। एजेंसी पर इस चेतावनी का तत्काल असर हुआ और उसने प्लांट का काम फिर से शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में प्लांट से उत्पादित ऑक्सीजन से यहां भर्ती मरीजों को राहत मिलने लगेगी और इस पर खर्च होने वाली बड़ी राशि की भी बचत प्रबंधन को होगी।

### कंडम न हो जाए दूसरा प्लांट

कोरोनाकाल के दौरान अस्पताल भवन के पिछले गेट की ओर पीएम केयर फंड से एक लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट लगाया गया था। महामारी खत्म होने के बाद भी यह शुरू नहीं हो पाया, उल्टे देखरेख के अभाव में यह झाड़ियों के बीच दबकर रह गया है। इस प्लांट के उपयोग के लिए अनुमति मांगने की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

### जल्द मिलेगी सुविधा

बंद प्लांट की मरम्मत का काम संबंधित एजेंसी पूरा कर रही है। जल्द ही इससे मिलने वाली ऑक्सीजन का उपयोग मरीजों के इलाज के लिए किया जाएगा।

**- डॉ. हेमंत शर्मा,** उप अधीक्षक, डीके अस्पताल

### 49 लाख रुपए की जियो लाइट

जानकारी के अनुसार, प्लांट के रखरखाव के लिए करीब 17 लाख रुपए दिए गए थे। इसके बाद प्लांट में लगने वाली जियो लाइट के लिए 49 लाख रुपए भुगतान किया गया था। संबंधित एजेंसी ने यह उपकरण तो लगाया, मगर इसकी क्षमता इतनी कम थी कि प्लांट नियमित रूप से ऑक्सीजन तैयार नहीं कर पा रहा था। मजबूरन अस्पताल प्रबंधन को दूसरी एजेंसी ने ऑक्सीजन खरीदनी पड़ रही थी।

■ सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानीवासियों को दी सौगात

# पहाड़ी तालाब, छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने रविवार को पहाड़ी तालाब और छुईहा तालाब के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। नगर निगम द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से 2 करोड़ 88 लाख रुपए में तालाब गहरीकरण, 3 घाटों का निर्माण, ऑक्सीजोन, योग एरिया सहित 5 मुख्य द्वार बनाने का कार्य कराया गया है।

पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड स्थित पहाड़ी तालाब के सौंदर्यीकरण और शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 93 लाख रुपए खर्च कर तालाब गहरीकरण, स्टोन पीचिंग, पाथवे, लाइटिंग सहित विविध सौंदर्यीकरण कार्य कराए गए हैं। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने इन 2 तालाबों को सुंदर स्वरूप में विकसित कराने के बाद शहरवासियों को इसकी सौगात दी। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, सभापति प्रमोद दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, पार्षद मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, पार्षद सरिता वर्मा, सरिता दुबे, उत्तम साहू, पूर्व नेता प्रतिपक्ष सुभाष तिवारी, पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष रमेश सिंह ठाकुर, पूर्व जोन अध्यक्ष सालिक सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, रायपुर स्मार्ट सिटी के सीओओ उज्जवल पोरवाल, नगरीय प्रशासन संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, जोन कमिश्नर विमल शर्मा, रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, अंशुल शर्मा, स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक तकनीकी पंकज कुमार पंचायती सहित आमजन उपस्थित रहे।

■ नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पार्षद मृत्युंजय दुबे, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा रहे मौजूद

# एक्सप्रेस ट्रेनों में नवंबर से चार जनरल कोच की सुविधा, भीड़ से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन की दर्जनभर से अधिक ट्रेनों में रेलवे प्रशासन नवंबर माह से जनरल कोच की संख्या बढ़ाने जा रहा है, जिससे जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भीड़ से थोड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जोन की एक्सप्रेस ट्रेनों में सामान्य कोच की संख्या 2 से 3 है, जबकि रेलवे के नियमानुसार ट्रेनों में 6 जनरल कोच होने चाहिए, लेकिन रेलवे ने कोरोना के बाद से कोच घटा दिए थे। अब फिर से कोच जोड़ने की कवायद की जा रही है। बता दें कि जनरल कोच में जगह नहीं मिलने पर यात्री स्लीपर कोच में जबरिया चढ़ते हैं। इसके कारण आए दिन विवाद भी होता है, जिसे ध्यान में रखते हुए एक-एक कोच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इन ट्रेनों में पहले से एक-एक जनरल कोच है, जो ट्रेन के आगे व पीछे जुड़ते हैं। दो अतिरिक्त कोच ट्रेन के इसी हिस्से में जोड़े जाएंगे।

■ आगे और पीछे के हिस्से में होंगे दो-दो जनरल कोच

■ दो महीने पहले रेलवे ट्रेनों में कोच लगाने की कर चुका है घोषणा, नवंबर से जुड़ जाएंगे नए कोच

मंडल में अभी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, एर्नाकुलम एक्सप्रेस, इंटरसिटी एक्सप्रेस, चेन्नई एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें एलएचबी कोच के साथ दौड़ रही हैं। अतिरिक्त कोच इन्हीं में जोड़ने की तैयारी है। इस माह के अंत तक कुछ ट्रेनों में कोच जुड़ जाएंगे और बाकी ट्रेनों में नवंबर तक कोच जोड़ने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।



### इन ट्रेनों में फिलहाल नहीं लगेंगे कोच

बिलासपुर से वैसे तो लगभग 17 ट्रेनें छूटती हैं, पर अभी कुछ ट्रेनें पुराने नीले रंग के कोच से चलती हैं। इनमें अभी चार जनरल कोच की सुविधा लागू नहीं होगी। हालांकि आगामी दिनों में यह भी एलएचबी कोच के साथ चलेंगी। रेलवे का यह निर्णय है कि सभी ट्रेनों को एलएचबी कोच से चलाकर यात्रियों राहत दी जाए। जिन ट्रेनों में एलएचबी कोच नहीं है, उनमें बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस, बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस आदि ट्रेनें शामिल हैं।

# भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले अब रीडर की आईडी से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजस्व न्यायालय की प्रक्रियाओं में सुधार और पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब राजस्व न्यायालय में प्राप्त होने वाले अ-6 और अ-27 आवेदनों की एंट्री, नामांतरण पंजी में दर्ज करने की सुविधा रीडर आईडी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है। यह बदलाव न केवल आवेदन प्रक्रिया को अधिक सुचारू बनाएगा, बल्कि न्यायिक कार्यों की गति को भी बढ़ाएगा।

### क्या है अ-6 और अ-27 आवेदन

अ-6 और अ-27 आवेदन, राजस्व संबंधी कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इन आवेदनों के माध्यम से भूमि स्वामित्व में परिवर्तन, उत्तराधिकार और अन्य राजस्व संबंधी मामले दर्ज किए जाते हैं। नामांतरण के मामलों में अ-6 आवेदन का उपयोग किया जाता है, जबकि अ-27 आवेदन किसी विशेष आदेश के आधार पर दाखिल होता है। इन आवेदनों की एंट्री नामांतरण पंजी में दर्ज होने के बाद ही राजस्व अभिलेखों में संशोधन किया जाता है।

■ पहले यह काम तहसीलदार की आईडी से होता था

■ अब काम में आएगी तेजी, लंबित मामले भी निपटेंगे




फाइल फोटो

### रीडर आईडी से एंट्री की नई सुविधा

पहले इन आवेदनों की एंट्री केवल कुछ अधिकृत अधिकारियों द्वारा ही की जाती थी, जिसके कारण प्रक्रिया में विलंब होता था। अब रीडर आईडी के माध्यम से यह कार्य आसानी और शीघ्रता से किया जा सकेगा। रीडर न्यायालय में काम करने वाला एक महत्वपूर्ण कर्मचारी होता है, जो न्यायालय की प्रक्रियाओं को संभालता है और दस्तावेजों का प्रबंधन करता है। रीडर आईडी को एंट्री की सुविधा देने से न केवल न्यायालय के कामकाज में तेजी आएगी, बल्कि लंबित मामलों को भी तेजी से निपटाया जा सकेगा।

### इस बदलाव के लाभ

प्रक्रिया में तेजी: रीडर आईडी के माध्यम से नामांतरण पंजी में अ-6 और अ-27 की एंट्री की सुविधा से आवेदन प्रक्रियाएं तेजी से पूरी होंगी। इससे लंबित मामलों की संख्या में कमी आएगी और किसानों तथा भूमि मालिकों को समय पर न्याय मिलेगा। डिजिटल एंट्री की सुविधा से नामांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोका जा सकेगा। रीडर आईडी से एंट्री होने पर प्रत्येक कदम का रिकॉर्ड रखा जाएगा, जिससे किसी भी प्रकार की गलती को आसानी से पकड़ा जा सकेगा।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129


04 स्पेनिश अदाएं

## लाइव इवेंट

### बॉल क्रिकेट में शामिल होने भिलाई की टीम सोनीपत हरियाणा जाएगी



**भिलाई।** हरियाणा के सोनीपत में 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित जूनियर राष्ट्रीय बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका टीम भी भाग लेगी। बालक टीम के प्रशिक्षक प्रभात निगम एवं प्रबंधक संतोष प्रसाद एवं बालिका टीम के प्रशिक्षक कुदरत दास एवं प्रबंधक कुमारी महम आरा हैं। छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका अच्छे प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ फेंसिंग एसोसिएशन के महासचिव बशीर अहमद, बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष आरके श्रीवास्तव, वंश बहादुर सिंह, आजाद अहमद खान, सुनील कुमार डड़सेना, राधेश्याम, संतोष भारद्वाज, जेपी आर्य, कृष्ण राव ने शुभकामनाएं दी हैं।

- 17 और 20 अक्टूबर तक जूनियर राष्ट्रीय बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## सिटी इवेंट

### खंडेलवाल कॉलोनी में गरबा कर महिलाओं ने की माता की भक्ति



**दुर्ग।** खंडेलवाल महिला मंडल दुर्ग और एकदंत गणेश उत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा का प्रशिक्षण रचना, रिया खंडेलवाल ने दिया। खंडेलवाल कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। खंडेलवाल समाज के अध्यक्ष आशीष, पार्षद नीता जैन भी कार्यक्रम में पहुंचे। आरती रंजन और बृजमोहन खंडेलवाल ने कहा कि प्रतिवर्ष इस प्रकार का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए, जिन्होंने डांडिया और गरबा खेलकर माता की आराधना की। महिला मंडल के अध्यक्ष रश्मि खंडेलवाल ने बताया कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, आराधना सीमा, वर्षा, रचना, रानू, रिया, अंजलि ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। एकदंत ग्रुप के सदस्य आकाश पारख, यश पारख़, आदित्य साहू, भावेश लोढ़ा, आशुतोष शर्मा आयोजन में मौजूद थे।

- 1 दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव भी हुए शामिल

## सिटी इवेंट

### तालीम हमारी सबसे बड़ी जरूरत, हर हाल में इसे हासिल करें: डॉ. परवेज



**भिलाई।** इकरा टीचर्स एसोसिएशन ने 10वीं और 12वीं के इम्तिहान में कामयाबी हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया। रविवार को मुस्लिम कम्युनिटी हॉल जामा मस्जिद सेक्टर-6 में रखा गया। इस दौरान सत्र 2023-24 में 10 वीं और 12वीं के इम्तिहान में 70 फीसदी या उससे ज्यादा अंक हासिल करने वाले 55 मेधावी सम्मानित हुए। संस्था के सहयोग से भविष्य संवार चुके 25 नौजवानों को भी इस दौरान सम्मानित किया गया। ये सभी नौजवान सरकारी, गैर सरकारी और विदेशी संस्थानों में सेवारत हैं। आयोजन में रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में केमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ. शम्स परवेज मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सबसे बड़ी जरूरत तालीम है। जिंदगी में चाहे कितनी भी दुश्वारियां आए हमें तालीम हासिल करनी ही है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आरए सिद्दीकी ने इकरा के काम को वक्त की जरूरत बताते हुए अपील की कि समाज के जिन बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक वजहों से रुकावट आ रही है। इस अवसर पर फखरुद्दीन फारुक़ी, मजहर अनीस, समी अख्तर फारुकी, क्यूए खान, सादिया फारूकी, हाजी अयाज अहमद, मिर्जा आसिम बेग सहित अन्य ने अपनी बात रखी। उर्दू के अफसाना निगार रौनक जमाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजन में बैतूल माल कमेटी से अब्दुल हफीज,अल मदद वेलफेयर सोसाइटी, उम्मीद फाउंडेशन और रिसाली मस्जिद कमेटी के अराकीन, इकरा टीचर्स एसोसिएशन से शेख जाफर सहित तमाम लोगों ने अपनी भागीदारी दी।

- इकरा टीचर्स एसोसिएशन भिलाई ने मेधावी बच्चों का किया सम्मान

**महोत्सव : बंगाली समाज ने दुर्ग-भिलाई की काली बाड़ी और कला मंदिर में माता को अर्पित किया सिंदूर**

# जीवंत हुई भक्ति... सुहाग के लिए सिंदूर खेला

विजयादशमी का पर्व, मां दुर्गा को विदाई देने लिए सिंदूर अर्पित करते हुए सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन रविवार को दुर्ग और भिलाई में हुआ। प्रमुख रूप से काली बाड़ी और कला मंदिर में सिंदूर खेला महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें सफेद साड़ी पहने, माथे पर लाल बिंदी और हाथों में पूजा का थाल लिए महिलाएं पहुंचीं। बंगाली समाज के इस आयोजन में चारों ओर भक्ति और शक्ति का अनूठा संगम नजर आया। दुर्गा पंडाल में भी बंगाली समाज ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान पश्चि बंगाल की झलक भिलाई में देखने को मिली। बंगाली समाज की महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूरअर्पित किया। पूजा की थाली में रखे पान के पत्तों से मां को विदाई देने से पहले सिंदूर अर्पित करने का यह आयोजन देखते ही बन रहा था। बता दें कि दुर्ग-भिलाई में बड़ी संख्या में बंगाली समाज के लोग रहते हैं। रविवार को इसकी झलक दिखाई पड़ी।



**भिलाई।** आयोजित कार्यक्रमों में महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुहाग की लंबी उम्र, सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। साथ ही ढोल की थाप पर नृत्य भी किया। उत्सव की खास बात यह रही कि इसमें बंगाली समुदाय की महिलाओं के साथ-साथ दूसरे समाज की महिलाओं ने भी भाग लिया। सुख-समृद्धि की कामना इस मौके पर दुर्गाबाड़ी बानी सोनी ने बताया कि यह आयोजन पिछले कई सालों से हो रहा है। दशमी के दिन मां को विदाई देते वक्त हम उनसे सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। सिंदूर अर्पित कर उनसे अपने जीवन को सुरक्षित रखने की प्रार्थना करते हैं। यह आयोजन केवल आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इधर वैशालीनगर, सेक्टर-6 कालीबाड़ी, सेक्टर-4, पद्मनाभपुर, न्यू आदर्श नगर दुर्ग, आशीष नगर रिसाली सहित दुर्ग-भिलाई के कई अन्य जगहों पर सिंदूर खेला उत्सव मनाया गया।







### वैशाली नगर कालीबारी सिंदूर खेला

शारदीय दुर्गोत्सव के अंतिम दिन विजया दशमी को बंगाली समाज की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला उत्सव का आयोजन किया गया। ये आयोजन भिलाई के सभी बंगाली दुर्गा पंडालों में किया गया। सिंदूर खेलकर सुहागिनों ने मां दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी। रविवार को बंगाली समाज के साथ ही अन्य समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में मां दुर्गा को सिंदूर लगाकर पूजा-अर्चना की एवं एक-दूसरे को भी सिंदूर लगाया। सिंदूर खेला को देवी सिंदूर वरन के नाम से भी जाना जाता है।

### धार्मिक मान्यताओं के आधार पर माता की विदाई

धार्मिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा जब मायके से विदा होकर ससुराल जाती है तो उनकी मांग सिंदुर से सजाई जाती है। इसके बाद सुहागिन स्त्रियां एक-दूसरे को सिंदुर लगाकर शुभकामनाएं देती हैं। मान्यता है कि इससे सुहागिनों को सौभाग्यवती होने का वरदान प्राप्त होता है। भिलाई के हुडको कालाबाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी, सेक्टर 6 कालीबाड़ी सहित इस्पात नगर रिसाली, रूआबांधा, सेक्टर 7 पानी टंकी मैदान, सेक्टर 4, स्मृतिनगर आदि पूजा पंडालों में सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इसके बाद दुर्गा सहित अन्य देवताओं को विसर्जित किया गया।

## पद्मनाभपुर स्टेडियम में खुद जला अहंकारी रावण


**दुर्ग।** पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में शनिवार की रात दशहरा उत्सव में अनोखे दृश्य ने दर्शकों को आश्चर्यचकित कर दिया। यहां का विशालकाय रावण का पुतला खुद जलकर स्वाहा हो गया। रावण का पुतला दहन के लिए भगवान श्री रामचंद्र का वेष धरे कलाकार और ना ही अतिथियों द्वारा अग्निबाण चलाया गया, बावजूद रावण का पुतला खुद जल उठा। दरअसल दशहरा उत्सव में रावण के पुतला दहन के पूर्व परंपरानुसार गगनचुंबी आतिशबाजी की गई। आतिशबाजी की यह चिंगारी रावण के पुतला में गिरी और देखते ही देखते रावण का पुतला भरभरा कर जल गया। रावण जब जला तब मंच पर अतिथियों का उद्बोधन चल रहा था। उत्सव के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव दीपक दुबे का उद्बोधन शेष था। रावण के पुतले के खुद जलने का यह घटनाक्रम इतनी तेज़ी से घटा की आयोजन समिति के सदस्य हाथ पर हाथ धरे रह गए। न्यू तरुण खेल एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा प्रतिवर्ष पद्मनाभपुर मिनी स्टेडियम में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाता है। आयोजन के दौरान रामलीला का भी मंचन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद रत्नाकर राव, एमआईसी सदस्य दीपक साहू, पार्षद हेमा जगदीश शर्मा, समाजसेवी कैलाश बारमेचा, डॉ. दीपक वर्मा, जिला बेटी बचाओ मंच अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, एएसपी शहर अभिषेक झा, सीएसपी चिराग जैन, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश समर्थ सहित अन्य मौजूद थे।

- आतिशबाजी के पटाखों की चपेट में आने के बाद रावण जल पड़ा



## कार्टूनिस्ट पांडुरंगा ने योगीराज का किया सम्मान, भेंट किया पोर्ट्रेट स्कैच

**भिलाई।** मैसूर के प्रख्यात मूर्तिकार और अयोध्या के श्री राम मंदिर में स्थापित बालाराम की प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज का सम्मान भिलाई स्टील प्लांट के रिटायर वरिष्ठ प्रबंधक और देश-विदेश में अपनी कार्टून कला से अलग पहचान बनाने वाले बीवी पांडुरंगा राव ने किया। शिल्प कला शैले, मैसूर स्थित मूर्तिकला कार्यशाला में पांडुरंगा राव ने अरूण योगीराज को एक पोर्ट्रेट स्कैच भेंट किया, जिसे राव ने स्वयं तैयार किया था। इस पोर्ट्रेट स्केच में बाला राम की मूर्ति की तस्वीर भी जोड़ी गई है। पांडुरंगा राव ने योगीराज को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। उनसे मिलने के लिए अपना बहुमूल्य समय देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। योगीराज ने 81 वर्षीय वरिष्ठ कार्टूनिस्ट को धन्यवाद और बधाई देते हुए कहा कि कार्टूनिंग के क्षेत्र में तथा विभिन्न अन्य गतिविधियों में उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों को जानकर उन्हें भी प्रेरणा मिली।



**वैशाली नगर में सजी कविताओं की महफिल, हंसी-ठहाकों के बीच देर रात तक आयोजन**

## लोकांगन में कवि सम्मेलन, हजारों काव्य प्रेमियों ने हास्य, प्रेम, वीर रस से ओतप्रोत कविताओं का किया रसपान

कार्नर न्यूज



लोकांगन वैशालीनगर में विजय दशमी पर्व पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जहां हजारों काव्य प्रेमी देर रात तक ठहाकों के साथ हास्य रस की धारा में गोते लगाते रहे। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की मेजबानी में हुए इस हास्य कवि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के ख्यातिलब्ध मूर्धन्य कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे, मध्यप्रदेश इंदौर से गीत ग़ज़ल की उम्दा हस्ताक्षर डॉ. भुवन मोहिनी, उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पधारे मशहूर हास्य रचनाकार अनिल चौबे, नई दिल्ली की हास्य विनोद से भरपूर गीत ग़ज़ल की फनकार डॉ. पद्मिनी शर्मा और हास्य तथा श्रृंगार रस के नवोदित कवि सूरज मणि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया।









**भिलाई।** हास्य व्यंग्य के सम्मेलन की कप्तानी करते हुए दुर्ग के कवि और सम्मेलन के संचालक डॉ. सुरेंद्र दुबे ने छत्तीसगढ़ी भाषा में ठिठोली के साथ काव्य प्रेमियों को पधारे हुए कवियों का परिचय करवाया। नई दिल्ली के युवा कवि सूरज मणि ने कवि सम्मेलन की ओपनिंग करते हुए श्रृंगार रस के गीतों से भारत वर्ष की संस्कृति और परंपराओं से लेकर घर में पति पत्नी की नोंक झोंक और प्रोफेसर और स्टूडेंट्स के बीच बुद्धिमता को लेकर ऐसा समां बांधा कि महफ़िल हंसी ठहाकों से गूंज उठी।

### हंसी-ठहाकों ने गुदगुदाया, सुरेंद्र दुबे ने कवियों पर किए काव्य कटाक्ष

इस बीच उन्होंने प्रयागराज से लेकर रायपुर के बीच सफर के दौरान छोटे छोटे हास्य के किस्सों से लोगों को गुदगुदाया। तभी नई दिल्ली से पधारीं डाक्टर पद्मिनी शर्मा और डॉ. सुरेंद्र दुबे के बीच महिला और पुरूषों को लेकर शुरू हुए काव्यात्मक नोंक झोंक और वाद प्रतिवाद का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। पद्मिनी शर्मा द्वारा महिलाओं को लेकर गजल भी पढ़ी गई। काव्य प्रेमियों के बीच बैठे बुजुर्गों की ताड़ती आंखों को लेकर पद्मिनी ने उन्हें अनूप जलोटा की जैसे ही संज्ञा दी। उत्तर में पद्मश्री सुरेंद्र दुबे में कहा छत्तीसगढ़ के बुजुर्गों को वो कत्तई कमजोर समझने की भूल न करें।

### हास्य कविताओं ने लोगों को हंसाया, लतीफों को काव्य रूप में ढाला

वाराणसी से पधारे अनिल चौबे ने अपनी हास्य कविताओं से सम्पूर्ण लोकांगन परिसर को बांधे रखा। अनिल चौबे ने कोरोना काल से लेकर चीन के जिंगपिंग तक अपने लतीफों को काव्य रूप में ढाल कर लोगों को ठहाके लगाने विवश कर दिया। उन्होंने कहा कि वो काशी विश्वनाथ की नगरी से शिवनाथ को मां गंगा का प्रणाम लेकर आए हैं। इंदौर से पधारीं डाक्टर भुवन मोहिनी ने अपनी श्रृंगार रस से लबरेज ग़ज़लों से शमां बांध दिया। उन्होंने भी पद्मश्री सुरेंद्र दुबे के कटाक्ष का अपनी कविताओं से जवाब दिया। डाक्टर सुरेंद्र दुबे ने विधायक रिकेश सेन द्वारा छत्तीसगढ़ की साहित्य और कला के लिए किए जा रहे उनके प्रयासों को सराहा।

सिटी इवेंट

## हिंदू मिलन मंदिर में मनी नवरात्रि, 16 को लक्ष्मी पूजा



**भिलाई।** भारत सेवाश्रम संघ से अनुमोदित हिन्दू मिलन मन्दिर मैत्री कुंज रोड रिसाली में नवरात्रि का पर्व मनाया गया। शारदीय दुर्गा पूजा का यह 22 वां वर्ष था। समिति के सचिव सुभाष चन्द्र साहा ने बताया कि दुर्गापक्ष 9 अक्टूबर पंचमी तिथी से 12 अक्टूबर दशहरा तक आयोजित की गई। 16 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा एवं 31 अक्टूबर को दीपावली पर काली पूजा का आयोजन किया जाएगा। दुर्गा प्रतिमा के अनावरण पर बीएसपी अधिकारी एस. मुखोपाध्याय, विशेष अतिथी पीके सरकार, उत्पल दत्ता थे। साहा ने भविष्य में मन्दिर द्वारा सामाजिक गतिविधियों के प्रति उत्तरादायित्वों को पूरा करने पर प्रतिबद्धता जाहिर किया। आगामी नवम्बर के प्रथम सप्ताह में भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक युगाचार्य स्वामी प्रणवानन्द महाराज के आश्रम कोलकाता मुख्यालय से संस्था प्रचार प्रसार दल के प्रमुख स्वामी सर्वेशानन्द का आगमन है। साथ ही दुर्गा पूजा के दौरान प्रतिदिन विधि विधान से पूजा अनुष्ठान आरती पुष्पांजलि के बाद महाभण्डारे का आयोजन किया गया।

- **मैत्री कुंज रोड रिसाली में आयोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए**

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज के लोगों ने दी प्रस्तुति, प्रतिभावान हुए सम्मानित

मां दुर्गा के अनावरण के पश्चात सांस्कृतिक कार्यकम का आगांज द हारमोणी नामक बैनर तले प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन पापडी बिस्वास एवं समिती सचिव सुभाष साहा ने किया। कार्यक्रम मां दुर्गा की आगोमोनी समूह संगीत के साथ प्रारम्भ हुआ। इस संगीतमय मंच एक विशेष बात यह रही कि यहा संगीत नृत्य आवृत्ति, नाटक के मचंन में 5 वर्ष के बच्चे से लेकर 80 वर्ष आयु के वरिष्ठ महिला के द्वारा अपने कला का प्रर्दशन करते हुये देखा गया।

स्पोर्ट्स लाइव

## इंटर एलिट ग्रुप अंडर-19 के मैचेस 16 अक्टूबर से शुरू



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) अंडर-19 एलिट ग्रुप की एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता जल्द शुरू होने वाली है। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता दिनांक 16 से 22 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी। इसके लिए दो पूल बनाए गए हैं। पूल ए में बीसीए, बिलासपुर, दुर्ग एवं सरगुजा की टीम को शामिल किया गया है। वहीं पूल बी में रायपुर, राजनांदगांव, प्लेट कंबाइंड और बीएसपी की टीमें शामिल की गई हैं। पूल ए के मैचेस धमतरी एवं कांकेर में खेले जाएंगे। वहीं पूल बी के मैचेस राजनांदगांव और बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में खेले जाएंगे। बता दें कि अक्टूबर महीने की शुरुआत के साथ ही क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन शुरू हो गया है। आगामी दिनों में कई बड़ी खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है। इसे लेकर भिलाई और दुर्ग मे क्रिकेट संघों द्वारा व्याप स्तर पर तैयारियां की जा रही है।

समाज इवेंट

## जैन समाज के युवाओं ने किया रक्तदान, 75 यूनिट का सहयोग



**दुर्ग।** समता युवा मंच के युवाओं ने रक्तदान कर लोगों को ब्लड डोनेट करने जागरूक किया। रविवार के लगाए गए शिविर के माध्यम से 75 यूनिट ब्लड कलेक्ट किया गया। वर्धमान जैन भवन में यह रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था के प्रखर श्रीश्रीमाल ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में रक्तदाता के द्वारा बहुमूल्य रक्त दिया गया। शिविर में मुख्य रूप ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, नर्सिंग आफिसर तरूणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, पर्यवेक्षक रूपेश सप्रे, लैब टेक्नीशियन तरन्नुम, दिनेश सहित अन्य मौजूद थे। दान में दिए गए रक्त को ब्लड बैंक दुर्ग के सुपुर्द किया गया। ताकि जरुरत के समय मरीजों के काम आ सके।

- **वर्धमान जैन भवन में लगाया गया रक्तदान शिविर**

## मॉडल उत्तर पर दावा आपत्ति 16 तक

**भिलाई।** छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के मॉडल उत्तर पिछले दिनों जारी किए गए थे। इस पर दावा-आपत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 अक्टूबर दोपहर 3 बजे तक किए जा सकते हैं। दावा-आपत्ति शुल्क प्रति प्रश्न 50 रुपए है। आपत्ति सही होने पर शुल्क वापस होगा। गौरतलब है कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के तहत छात्रावास अधीक्षक श्रेणी द की भर्ती के लिए व्यापमं से परीक्षा आयोजित की गई थी। कुल 300 पदों की भर्ती के लिए 6.30 लाख आवेदन मिले थे। इनमें से करीब 3.53 लाख परीक्षा देने पहुंचे थे। मॉडल उत्तर जारी होने की वजह से संभावना है कि नतीजे भी इसी महीने जारी होंगे। आपत्ति की जानकारी वेबसाइट पर जारी की गई है।

● प्रख्यात गायक लवेश-हिमांशु बुरड़ की जोड़ी के भक्ति गीतों में झूमा जैन समाज

# दादा गुरुदेव के पूजन में जैन समाज के 504 जोड़े हुए शामिल और भक्ति गीतों में जमकर थिरके

**दुर्ग।** दादा गुरुदेव जिनदत्तसूरि, मणिधारी दादा गुरुदेव जिनचंद्रसूरि, दादा जिनकुशलसुरि, जिनचंद्रसूरि महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। छत्तीसगढ़ में अपने तरह का यह पहला आयोजन था, जिसमें पूज्य गुरुदेवों का पूजन किया गया। जैन समाज के 504 दंपत्तियों ने भक्ति गीतों में नृत्य किया। महेश कॉलोनी स्थित सभागृह में साध्वी दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा एवं चरित्र प्रभा के सानिध्य में यह आयोजन हुआ। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं रत्नत्रयी चातुर्मास समिति के बैनर तले यह आध्यात्मिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में भाग लेने देश के अलग-अलग शहरों से गुरु भक्त परिवार सहित दुर्ग पहुंचे। इंदौर से आए विधि कारक अरविंद भाई ने विधि-विधान से दादा गुरुदेव महापूजन की पूजा अर्चना संपन्न कराई। देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक लवेश- हिमांशु बुरड़ की जोड़ी ने भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। उनकी भक्ति गीतों में मंत्र मुक्त होकर भक्ति गीतों का आनंद लेते हुए झूम-झूम कर भक्ति गीतों का आनंद लिया। आयोजन रविवार की दोपहर 12 शुरू हुआ, जो शाम 5:30 बजे तक चला।





### चांदी के अभिमंत्रित कलश के लिए लगी बोली, बोहरा परिवार ने लिया कलश



इसी तरह चांदी के अभिमंत्रित कलश का लाभ भी गुरु भक्त परिवार से दिलीप बोहरा परिवार ने लिया। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु चातुर्मास समिति के पदम बरडिया, अमृत लोढ़ा, कांतिलाल बोथरा, धर्मचंद लूनिया, ज्ञानचंद कोठारी, विनोद गोलछा, मनीष बोथरा, सुरेश कोठारी, रितेश बुरड़, टीकम चौरड़िया, गिरीश गोलछा, अशोक दुग्गड, दिलीप गोगड़, हुकम श्रीश्रीमाल, राजेश मालू, संतोष दुग्गड़ सहित अन्य मौजूद थे। मूर्ति पूजक संघ दुर्ग, जिन कुशल दादाबाड़ी ट्रस्ट मालवीय नगर, ऋषभदेव जैन मंदिर एवं दादाबाड़ी ट्रस्ट ऋषभ नगर ने आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

### महिलाएं घाघरा, औढ़ना और पुरुष धोती, चोल, दुपट्टा में नजर आए

आयोजन में महिलाएं घाघरा ओढ़ना में तो पुरुष वर्ग पूजा के पारंपरिक परिधान धोती, चोल, दुपट्टा में नजर आए। दादा गुरुदेव की प्रतिमा तथा यज्ञ अनुष्ठान के लिए सामग्री साथ में वितरित की गई। अनुष्ठान पूरे आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न कराया गया। जप अनुष्ठान के साथ दादा आदिनाथ एवं गौतम स्वामी की अभिमंत्रित प्रतिमा का बोली लगाकर गुरु भक्त परिवार उसे प्रतिमा को अपने घर में स्थापित करेंगे। इस बोली का लाभ रमेश अंकुश वर्धमान टाटिया तथा गौतम स्वामी की प्रतिमा को घर ले जाने का ज्ञानचंद पदम कुमार कोठारी को यह लाभ मिला।

सूर्य विहार में कार्यक्रम

## महिषासुर मर्दिनी पर लघु नाटक रामलीला का भी हुआ आयोजन





**भिलाई।** सूर्य विहार कॉलोनी दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन थे। साथ में मुकेश अग्रवाल, पार्षद और श्याम लाल साहू, पूर्व महासचिव, स्टील वर्कर्स यूनियन विशेष अतिथि थे। प्रवेश द्वार पर सोनपत्ती भेंट कर सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिषासुर मर्दिनी पर नाटक की प्रस्तुति दी गई। रामलीला का भी आयोजन किया गया। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि बुराई रुपी प्रतीक रावण के पुतले को जलाकर बुराइयों पर अच्छाइयों की जीत होती है। इस कार्यक्रम में सूर्य विहार की महिलाओं द्वारा महिषासुर मर्दिनी का एक लघु गीती नाट्य स्वरूप प्रस्तुत किया। इसमें महिलाओं ने माँ शक्ति दुर्गा के विभिन्न रूपों का आकर्षक मंचन किया। साथ ही सूर्य विहार के छोटे बच्चों ने रामलीला का एक मनमोहक नाट्य प्रस्तुत किया। दोनों कार्यक्रम की पटकथा तथा कोरियोग्राफी सूर्य विहार निवासी रजनी की थी। एक अन्य आकर्षण श्रीराम कुटिया थी। जहां भगवान श्रीराम, देवी सीता और लक्ष्मण दंडकारण्य (वर्तमान छत्तीसगढ़ में स्थित) वनवास के समय रहते थे। यह दर्शकों के लिए एक लोकप्रिय सेल्फी पॉइंट था। संचालन एम श्रीनिवास ने किया। अंत में मुख्य अतिथि को सम्मानित किया गया।

अंबेडकर भवन सेक्टर-6 में आयोजन

## मिनल परछाई ने बौद्ध और भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां दीं






**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा बाबासाहेब डॉ. अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में अशोका विजयादशमी एवं धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस मनाया गया। सुबह 10 बजे संस्था की अध्यक्ष सविता मेश्राम ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील ध्वजारोहण कर सामूहिक वंदना की। इसके बाद वक्ताओं ने अपने विचार रखे। शाम के समय मिनल परछाई नागपुर का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बुद्ध और भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुतियां दी गईं। मुख्य वक्ता के रूप में अभिषेक कुमार, सत्येंद्र बंसल, अजय गजघाटे डीजीएम बीएसपी, सचिन रंगारी, सविता मेश्राम अध्यक्ष और भंतेजी सप्पजनो, उत्तमो, मग्गो भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महान सम्राट अशोक के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला गया।

### आयोजित कार्यक्रम में दी गईं प्रस्तुतियां

रात 9 बजे आर्केस्ट्रा मिनल परछाई नागपुर का कार्यक्रम हुआ। बुद्ध एवं भीम गीतों पर आधारित प्रस्तुति हुई। इस समारोह में विनोद वासनीक, कृष्णा बंसोडकर, देवानन्द मेश्राम, रामराव ढोक, धरमपाल गजभिये, अशोक श्यामकुवर, भागवत बागडे, प्रदीप सोमकुंवर, अशोक नंदेश्वर, अजय अडकने, कीर्ति लांजेवार, ठानेन्द्र कामडे, आईके रामटेके, ज्ञानचंद टेंभुरकर, जेबी पाटील सहित अन्य मौजूद थे।

प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी ने तैयार की पेंटिंग

कार्नर न्यूज

## हनुमान के समुद्र लांघने वाली पेंटिंग तैयार कर सांसद बघेल को भेंट की





**भिलाई।** ललित कला अकादमी रीजनल सेन्टर की स्थापना को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में भिलाई में सेंटर खोलने को लेकर सांसद विजय बघेल द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर सम्मानित किया गया। उन्हें मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएस विद्यार्थी की तैयार पेन्टिंग भेंट दी। पेन्टिंग में उन्होंने हनुमान द्वारा समुद्र को लांघने वाले दृश्य का चित्रांकन किया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी विमान भट्टाचार्य, चित्रकार बीएल सोनी, रंगकर्मी विजय शर्मा, प्रसिद्ध मूर्तिकार मोहन बराल, वीरेन्द्र पटनायक, साहित्यकार मेनका वर्मा, रूपा साहू, पीएल जेना, लल्लेश्वरी साहू, यश दलवी, कांता देवी तथा ललित कला के प्रथम बोर्ड मेम्बर डॉ.अंकुश देवांगन उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से आज तक भारत में सिर्फ 7 सेन्टर ही बनाए गए हैं। इसलिए नए सेन्टर के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। भिलाई में सेंटर खोले जाने की बात भी चल रही है। विगत दिनों केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के सामने भी सांसद ने इस समस्या के समाधान की बात रखी थी। सांसद के इस भागीरथी प्रयास से छत्तीसगढ़ के समस्त कलाकारों में खुशी की लहर व्याप्त है। विद्यार्थी ने उम्मीद जताई है कि सांसद के प्रयासों से भिलाई में शुरू होगा। इससे भिलाई के मिनी इंडिया कहलाने वाली कला संस्कृति की प्रसिद्धि पूरे विश्व में फैल सकेगी। साहित्यकार मेनका वर्मा ने मंच संचालन किया। रूपा साहू ने भगवान हनुमान के दोहों और चौपाइयों से पूरा माहौल भक्तिमय बनाया।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### मशहूर उपन्यास 'स्कार्पेटा' अब दर्शकों के सामने सीरीज के रुप में



लेखिका पेट्रीसिया कॉर्नवेल के सबसे अधिक बिकने वाले अपराध उपन्यास 'स्कार्पेटा' को सीरीज में तब्दील किया जा रहा है। इसमें हॉलीवुड स्टार्स निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस अपने अभिनय का जलवा बिखेरती नजर आएंगी। जानकारी के अनुसार, किडमैन 'स्कार्पेटा' का शीर्षक किरदार निभाएंगी। कर्टिस उनकी बहन डोरोथी की भूमिका में होंगी। प्रशंसित निर्देशक डेविड गॉर्डन ग्रीन दो सीजन के पहले दो एपिसोड का निर्देशन करेंगे।

'स्कार्पेटा' में निकोल किडमैन और जेमी ली कर्टिस के अलावा बॉबी कैनावले, साइमन बेकर, एरियाना डेबोस, रोजी मैकवेन और जेक कैनावले शामिल हैं। किडमैन और कर्टिस दोनों कार्यकारी निर्माता के रूप में जुड़ी हुई हैं। निकोल किडमैन को हाल ही में नेटफ्लिक्स पर मिस्ट्री सीरीज 'द परफेक्ट कपल' में देखा गया था। वहीं, इस अपराध सीरीज के एलान मात्र ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ा दिया है। कॉर्नवाल की अपराध उपन्यास सीरीज 1990 के 'पोस्टमॉर्टम' से शुरू हुई, जिसके बाद पिछले तीन दशकों में 20 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हुईं। सबसे हालिया किस्त 2023 में जारी की गई थी। कर्टिस ने हाल ही में 'एवरीथिंग एवरीव्हेयर ऑल एट वन्स' में अपने प्रदर्शन के लिए ऑस्कर जीता। वहीं, 'स्कार्पेटा' पर बात करते हुए निकोल किडमैन ने कहा कि वह लंबे समय से अपनी कंपनी, कॉमेट पिक्चर्स के साथ कॉर्नवेल की उपन्यास सीरीज का स्क्रीन रूपांतरण बनाने की कोशिश कर रही हैं। सीरीज का निर्माण ब्लमहाउस टेलीविजन और अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने ब्लॉसम फिल्म्स और कॉमेट पिक्चर्स के सहयोग से किया है।

## टॉलीवुड

### शुरू हुआ 'गुड बैड अग्ली' का नया शूटिंग शेड्यूल



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अभिनेता पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हाल ही में फिल्म से अजित का पहला लुक सामने आया था, जिसमें वे माफिया डॉन के किरदार में नजर आए थे। वहीं, अब फिल्म की शूटिंग को लेकर नई जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'गुड बैड अग्ली' अब अपने फिल्मांकन के अंतिम चरण के करीब है। अजित कुमार की महत्वाकांक्षी फिल्म का नया शेड्यूल हाल ही में स्पेन में शुरू हुआ है। दावा किया जा रहा है कि 'गुड बैड अग्ली' की टीम ने एक छोटे ब्रेक के बाद आखिरकार फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू कर दी है। अजीत कुमार, निर्देशक आदिक रविचंद्रन और उनकी टीम ने कथित तौर पर स्पेन के वेलेंसिया में एक्शन से भरपूर फिल्म के नए शेड्यूल की शुरुआत की है। मुख्य अभिनेता अजीत के साथ हाल ही में टीम में शामिल हुए प्रसन्ना और फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली त्रिशा कृष्णन सहित बाकी कलाकार स्पेन शेड्यूल का हिस्सा हैं। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक स्टार कास्ट की आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन खबरें हैं कि अभिनेता नसलेन के गफूर आदिक रविचंद्रन की फिल्म से अपना तमिल डेब्यू कर रहे हैं। प्रभास अभिनीत सालार में पृथ्वीराज सुकुमारन के बचपन का किरदार निभाने वाले युवा अभिनेता कार्तिकेय देव के भी टीम का हिस्सा होने की अफवाह है। अभिनेता सुनील और छायाकार-अभिनेता नट्टी उर्फ नटराजन सुब्रमण्यम, रेडिन किंग्सले और 'डॉक्टर' जोड़ी रघु राम और राजीव लक्ष्मण भी गुड बैड अग्ली कास्ट का हिस्सा हैं।

## भोजपुरी

### विवादों के साये में राजाराम का फर्स्ट लुक जारी, बढ़ी सरगर्मी



मुंबई में किसी भोजपुरी फिल्म का कार्यक्रम और कार्यक्रम में तमाशा न हो, हो ही नहीं सकता। शुक्रवार को यहां भोजपुरी फिल्म ₹राजाराम₹ का फर्स्ट लुक जारी किया गया। कार्यक्रम में अपने अलग ही लुक में पहुंचे खेसारी ने मंच पर वह सब कुछ किया जिससे इस कार्यक्रम की खबर बन सके। उन्होंने फिल्म बनाने वालों के साथ फिल्म का पोस्टर जारी किया। पोस्टर पर भगवान राम के अपने रूप के अनुसार कमान पर तीर भी चढ़ाया और फि जब बारी भोजपुरी के अरमानों की आई तो वहीं उसी मंच पर 'चुम्मा चुम्मा' गाने पर ठुमके भी खूब लगाए। कार्यक्रम में थोड़ी देर के लिए अफरातफरी तब मची, जब वहां खेसारी का एक चाहने वाला चाकू लहराता पहुंच गया। इस मौके पर खेसारीलाल यादव ने कहा, "मैं हमेशा अपने प्रशंसकों के प्यार और समर्थन का आभारी हूं। मेरा प्रयास है कि मैं अपने काम से सभी को मनोरंजन प्रदान करूं। मेरी अपील है कि भोजपुरी सिनेमा को बेहतर बनाने में सभी सहयोग करें। फिल्म ₹राजाराम₹ मेरी सबसे खास फिल्मों में से एक है, जिसमें मुझे एक चुनौतीपूर्ण और अनोखा किरदार निभाने का मौका मिला है।"

जानकारी के मुताबिक ₹राजाराम₹ एक सुपरस्टार की कहानी है, जो उसके व्यक्तित्व और उसने आने वाले परिवर्तन के साथ साथ उसके समाज में योगदान को भी दर्शाती है।

स्पेनिश अदाएं

लाइफ स्टाइल



> स्पेनिश वैश्विक फैशन ने दुनिया भर के फैशन उद्योग पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। इसने वैश्विक फैशन रुझानों को आकार दिया है और दुनिया भर के फैशन उत्साही लोगों को आकर्षित किया है। स्पेन में समृद्ध संस्कृति और जीवंत फैशन परिदृश्य राजधानी मैड्रिड में इस फैशन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सबसे आगे रखा है। यूरोप केंद्रित सौंदर्य मानकों पर रंगीन और बोल्ड सौंदर्यशास्त्र के प्रति स्पेनिश फैशन अपनी अनूठी शैली और प्रभाव के लिए नजर आता है।

# लंबे-घने बालों पर ठहर जाएंगी सबकी नजर



लंबे-घने बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। लेकिन, आजकल कहीं न कहीं लंबे-घने और हेल्दी बाल पाना भी किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। आज के समय पर कई कारणों के चलते, बालों की मनचाही ग्रोथ पाना मुश्किल हो गया है। बालों का झड़ना, समय से पहले सफेद होना, पतला और कमजोर होना, ये कुछ ऐसी दिक्कतें हैं, जिनसे लगभग सभी महिलाएं परेशान हैं। कई बार महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का असर भी बालों पर कुछ वक्त के लिए ही रहता है। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स बालों को खराब भी कर सकते हैं। ऐसे में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने में घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, झड़ते-झड़ते बालों की ग्रोथ आधी हो गई है, तो आपको इस नुस्खे को आजमाना चाहिए। इस बारे में हेल्थ और ब्यूटी एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

### बालों में लगाएं घी और बादाम

दो बादाम को पीस लें। इसमें 3 टेबलस्पून घी को मिला लें। घी में बादाम को हल्का भूरा होने तक भूनें। इससे बालों की जड़ों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। इसे हफ्ते में 2 बार लगाएं। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए इस नुस्खे की मदद लें। साथ ही, हेल्दी डाइट पर भी ध्यान दें। अगर आपको बालों को लंबा, घना और मुलायम बनाने का यह उपाय पसंद आया हो, तो इस आर्टिकल को शेयर करना न भूलें। साथ ही, इस आर्टिकल पर अपनी राय हमें उपर दिए गए कमेंट सेक्शन में जरूर बताएं। ऐसे अन्य आर्टिकल पढ़ने के लिए हरजिंदगी को फॉलो करें।

# सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी बेहद खूबसूरत



फैशन

स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

# दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ



जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

# छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के खूबसूरत डिजाइंस



चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### सुई धागा इयररिंग डिजाइन

सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे। वहीं इसके अलावा आप चैन स्टाइल इयररिंग्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## आज लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखना ट्रेंडिंग फैशन

# शान से बढ़ाईए बियर्ड, अपने शौक को जुनून में बदलने अपनाएं जरूरी टिप्स

*लंबी और स्टाइलिश बियर्ड रखने वाले लोगों के लिए फैशन है। लेकिन ये उन लोगों के लिए समस्या है, जिन्हें बियर्ड नहीं आती है। लेकिन कोई भी ये उम्मीद नहीं कर सकता है कि रातों-रात उसकी दाढ़ी घनी और हेल्दी हो जाएगी। बियर्ड को सही केयर और नियमित पोषण की जरूरत पड़ती है। इस काम को पूरा करने और फेशियल हेयर को पोषण देने के लिए ही बियर्ड ऑयल का इजाद किया गया था। ऐसी कई रिसर्च मौजूद हैं, जिनमें ये बात साबित हुई है कि, बियर्ड ऑयल, फेशियल हेयर ग्रोथ को बढ़ाने में मदद करते हैं।सही तरीके से इस्तेमाल करने पर आप भी फायदे उठा सकते हैं।*



### क्या बियर्डमैन बनना मुश्किल है?

बियर्ड केयर में लगने वाला समय, ग्रूमिंग टेक्निक और धैर्य, ये तीनों ही चीजें हर किसी के पास मिलना बहुत मुश्किल है। लेकिन अगर ये किसी इंसान के पास हैं तो, वो आराम से बियर्ड मैन बन सकता है।

### बियर्ड ऑयल क्या है?

बियर्ड की हेल्दी ग्रोथ के लिए बियर्ड को नम और मुलायम बनाए रखना बहुत जरूरी है। इस काम के लिए ही लोग बियर्ड ऑयल का प्रयोग करते हैं। बियर्ड ऑयल एक कंडीशनिंग प्रोडक्ट है, जिसका प्रयोग लोग दाढ़ी की ग्रूमिंग में करते हैं। बियर्ड ऑयल, बढ़ रहे बालों को मुलायम बनाता है। ये स्किन को मुलायम बनाता है जिसकी वजह से बियर्ड की ग्रोथ अच्छी होती है। इस तरह की बियर्ड को ही साफ-सुथरी और वेल ग्रूम्ड बियर्ड माना जाता है।

### बियर्ड ऑयल का इस्तेमाल कैसे करें?



जब आप किसी प्रोफेशनल की तरह बियर्ड को बढ़ाना चाहें तो, कोई भी बियर्ड ऑयल यूं ही खरीद लेने से कोई चमत्कार नहीं होने वाला है। कम समय में बेस्ट रिजल्ट पाने के लिए आपको उसे सही ढंग से लगाना होगा।

अब मैं इससे जुड़े कुछ टिप्स आपको दे रहा हूं, जिनका इस्तेमाल भविष्य में बियर्ड ग्रोथ ऑयल लगाते समय कर सकते हैं। बियर्ड ऑयल लगाने से पहले चेहरे को हमेशा अच्छी तरह से धोएं। खासतौर पर तब जब आपने बियर्ड बढ़ाना शुरू ही किया हो। इसे स्किन के रोमछिद्र खुल जाते हैं और स्किन तेल को अच्छी तरह से सोख पाती है।

चेहरे के बियर्ड वाले हिस्से पर तेल नियमित रूप से लगाएं। इसे स्किन के अन्य हिस्सों पर लगाने से बचें। अब इसमें लगातार चेहरे पर लगाने से क्या फायदे होते हैं, ये बात सभी जानते हैं, लेकिन बात वही है कि असल फायदे उसे ही मिल पाते हैं जो नियमित रूप से इसे लगाता रहता है।

दिन के बाकी अन्य कामों की तरह ही बियर्ड ग्रूमिंग का टाइम भी सेट करें। इस काम के लिए आप किसी एप या रिमाइंडर एप की मदद भी ले सकते हैं। इससे आपकी बियर्ड कभी भी अपने न्यूट्रीशन के टाइम को मिस नहीं करेगा। बियर्ड के साइज के अनुसार ही उसमें लगने वाले बियर्ड ऑयल की मात्रा तय करें। ज